# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




राज्योत्सव की शानदार शुरुआत

## साय ने कहा- कम समय में किया ज्यादा विकास एमपी के सीएम ने कहा- छत्तीसगढ़ हमारा भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव का शुभारंभ नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव ग्राउंड में हुआ। राज्योत्सव की 24 वीं वर्षगांठ में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन और मुख्य अतिथि द्वारा देव नगाड़ा बजाकर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ▶▶|शेष पेज 4 पर



### मोहन बोले- छत्तीसगढ़ हमारे भाई समान

एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ एमपी का ही अभिन्न अंग है और दोनों राज्य भाई के समान हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश वर्ष 2000 में अलग हुआ, जिसके बाद से लगातार चहुंमुखी विकास कर रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की तारीफ करते हुए कहा, कम समय में राज्य ने अपनी पहचान बनाई है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ कदम से कदम मिलाकर ▶▶|शेष पेज 4 पर

## नगाड़ा बजाकर किया राज्योत्सव का शुभारंभ

राज्योत्सव 2024 का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ प्रदेश के मंत्रियों ने नगाड़ा बजाकर राज्योत्सव का शुभारंभ किया।



### 24 साल में हुआ अभूतपूर्व विकासः साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश को गठन हुए आज 24 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और इस 24 वर्षों में राज्य में अभूतपूर्व बदलाव और विकास देखने को मिलता है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार 15 वर्षों तक रही। उसी दौर में पुरखों के सपने एक-एक कर पूरे होने शुरू हुए। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रेल मार्ग जैसी ▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बीएसएफ में शामिल हुए 485 नए जवान



**इंदौर।** भारतीय सरहद की हिफाजत के लिए जान की बाजी लगाने की शपथ के साथ इंदौर में सोमवार को 485 नव आरक्षक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। बीएसएफ के सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) में आयोजित परेड के दौरान इन नव आरक्षकों को केंद्रीय सशस्त्र बल में विधिवत शामिल किया गया।

### अब्दुल रहीम चुने गए जम्मू-कश्मीर विस अध्यक्ष



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और चरार-ए-शरीफ से सात बार के विधायक अब्दुल रहीम राथर को सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा का पहला अध्यक्ष चुना गया। विपक्षी दलों द्वारा इस पद के लिए चुनाव न लड़ने का फैसला किए जाने के बाद राथर (80) को ध्वनि मत से अध्यक्ष चुना गया।

## क्राइम अनकंट्रोल... 48 घंटे में 6 हत्याओं के बाद अब सेंट्रल जेल के बाहर ही फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर, भिलाई, दुर्ग और बिलासपुर समेत तकरीबन सभी शहरों में अपराधियों के बुलंद हौसलों ने शांत छत्तीसगढ़ की फिजा को अशांत कर दिया है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं। दिवाली की रात रायपुर और दुर्ग में 8 से ज्यादा हत्याओं के बाद राजधानी में आज दिनदहाड़े सेंट्रल जेल के सामने गोलियां चल गईं। जेल में अपने भाई से मुलाकात करने आए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को दूसरे हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने 12 बोर के देशी कट्टा से फायर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जेल परिसर के बाहर गेट के पास फायरिंग होने की जेल प्रशासन को भनक तक नहीं लग पाई। गंभीर रूप से घायल युवक को उसका एक अन्य भाई आनन-फानन में आंबेडकर अस्पताल उपचार कराने के लिए ले गया। युवक के गले, चेहरा तथा छाती में कारतूस क छर्रे लगे हैं।

**दुर्ग-भिलाई में रुक नहीं रही वारदात**

पुलिस के मुताबिक एनडीपीएस एक्ट के आरोप में जेल में बंद शाहिद से मिलने उसका छोटा भाई साहिल आया था। साहिल अपने भाई से मिलकर जैसे ही जेल परिसर के बाहर निकला, मौके पर उपस्थित तीन बदमाशों में से एक जिसका नाम सानू ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 12 घंटे के भीतर पकड़े गए दो आरोपी

इस वारदात के बाद पुलिस ने आरोपियों को तलाश कर गिरफ्तार करने के लिए दस अलग-अलग टीमें बनाकर रवाना किया था। टीम ने 12 घंटे के भीतर ही इस वारदात में शामिल दो आरोपी मौदहापारा निवासी शेख शाहनवाज उर्फ शानू महाराज एवं शाहरुख को ▶▶|शेष पेज 4 पर

**04 नवंबर**
गंज थाना

जेल परिसर के बाहर गेट के पास गैंगवार में फायरिंग शेख साहिल गंभीर रूप से घायल



घायल



### चार दिन में रायपुर का ऐसा हाल

| दिनांक | स्थान | घटना |
|---|---|---|
| 29 अक्टूबर | जीआरपी | पुत्र ने की अपने पिता सलमान की हत्या |
| 29 अक्टूबर | उरला | गाली-गलौज विवाद में नारायण देवांगन की चाकू गोदकर हत्या |
| 30 अक्टूबर | खम्हारडीह | बुजुर्ग दंपति पर जानलेवा हमला में रत्नेश्वर बैनर्जी की मौत |
| 30 अक्टूबर | खम्हारडीह | चरित्र शंका पर जेसीबी ड्राइवर की हत्या |
| 31 अक्टूबर | विधानसभा | दो पक्षों में जुआ खेलने के विवाद में बलवा, कई घायल, गाड़ियों में तोड़फोड़ |
| 31 अक्टूबर | पुरानी बस्ती | जुआ खेलने के विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प में संजय यादव, आनंद सिंह की मौत |
| 31 अक्टूबर | तेलीबांधा | मोहल्ला में बैठने के विवाद में कृष वर्मा की चाकू से हमला कर हत्या |
| 31 अक्टूबर | तिल्दा | प्रेम विवाह के विवाद में अमन प्रकाश रात्रे की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या |
| 01 नवंबर | तिल्दा | मनीष यादव की चाकू से हमला कर हत्या |
| 01 नवंबर | डीडीनगर | भाजयुमो नेता आकाश तिवारी तथा साथी से चाकू मारकर लूट |

### बिलासपुर में एक महीने में 6 हत्या, 13 चाकूबाजी

बिलासपुर जिले में भी लगातार आपराधिक घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है। एक महीने में ही हत्याओं के अलावा 13 चाकूबाजी की घटनाएं हो चुकी हैं। रतनपुर थाने में एक आदतन बदमाश के हंगामा करने की घटना में टीआई समेत आधा दर्जन स्टाफ को लाइन अटैच कर दिया गया।। एसपी ने टीआई रजनीश सिंह, आरक्षक नंदकुमार यादव अजय भारद्वाज, घनश्याम राठौर, दुर्गेश प्रजापति, राकेश आनंद को लाइन अटैच करते हुए रक्षित केंद्र में संबद्ध कर दिया। इसके साथ ही श्रीकांत वर्मा मार्ग निवासी श्रीमती प्रियंका सिंह ने 7 लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले में एफआईआर के बाद जांच कर रही है।

**ऐसी वारदातें**

- रायगढ़ में दिनदहाडे एक्सिस बैंक में लूट की वारदात घटित हुई।
- पुसौर में एक महिला से 17 लोगों ने अपहरण कर गैंगरेप किया
- सूरजपुर जिले में हेड कॉन्स्टेबल की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई।
- बलरामपुर में एक स्वास्थ्यकर्मी ने कोतवाली थाने में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## धर्मांतरण के खिलाफ बस्तर में पदयात्रा करेंगे बागेश्वर धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने धर्मांतरण को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि एशिया का बिगेस्ट चर्च कुनकुरी में है। उन लोगों ने मानव श्रृंखला भी बनाई थी। बड़े ही प्रायोजित तरीके से धर्मांतरण किया जा रहा है। हम उनके खिलाफ नहीं हैं, लेकिन लालच देकर धर्मांतरण कराना कानूनन सही नहीं है। पंडित शास्त्री ने भी कहा कि वे बहुत जल्द बस्तर से धर्मांतरण के खिलाफ पदयात्रा करेंगे। राजधानी रायपुर में मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि कुंभ में गैर हिंदुओं के प्रवेश को लेकर मैं संतों के समर्थन ▶▶|शेष पेज 4 पर

- कुंभ में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर कहा–मैं संतों के साथ

### सीएम ने पं. धीरेंद्र शास्त्री से लिया आशीर्वाद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पं. धीरेंद्र शास्त्री के अपने निवास पहुंचने पर उन्हें शाल- श्रीफल भेंटकर उनका का आत्मीय स्वागत किया।

## निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के डीजीपी का किया तबादला

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दलों से शिकायतें मिलने के बाद राज्य सरकार को डीजीपी रश्मि शुक्ला का तत्काल प्रभाव से तबादला करने का सोमवार को निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र की मुख्य सचिव को शुक्ला का प्रभार उनके बाद काडर के सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया।






### बैतलपुर में हुआ हादसा

## टायर फटने से बोलेरो पलटी पिता-पुत्र सहित 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

वैद्य के पास इलाज कराने जाते समय नेशनल हाईवे पर टायर फटने से बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिता पुत्र सहित 3 लोगों की मौत हो गई, वहीं 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है।

सरगांव थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि बलौदाबाजार सोहेला हिरमी निवासी बिसरू साहू पिता पुन्नूराम साहू 55 साल सोमवार को ▶▶|शेष पेज 4 पर



### इनकी हो गई मौत

हादसे में बिसरू साहू, उनका बेटा छबिलाल साहू 40 साल व इंद्रपाल उर्फ मोटू पिता भगतराम की मौके पर मौत हो गई। बिसरू साहू की पत्नी रूखमणी साहू, यू प्रसाद पिता पुन्नूलाल साहू, महेश साहू गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सेंसेक्स 941.88 अंक लुढ़का

## फिर गिरा बाजार, निवेशकों के डूबे 5.99 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में भारी बिकवाली के कारण सोमवार को निवेशकों की संपत्ति 5.99 लाख करोड़ रुपए घट गई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंकिंग शेयरों में कमजोरी तथा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली जारी रहने के कारण बाजार में गिरावट आई।



### तीन महीने के सबसे निचला स्तर

विदेशी कोषों की निकासी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंकों के शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। सेंसेक्स लगभग 942 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 309 अंक फिसलकर 24,000 अंक से नीचे बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जुड़ी अनिश्चितता और चीन में वृद्धि तेज करने के लिए नए प्रोत्साहन उपायों की उम्मीद ने भारतीय बाजारों में बिकवाली बढ़ाने का काम किया।





मान. रामकुमार टोप्पोजी
मान. राजेश अग्रवालजी
मान. प्रबोध मिंजजी
मान. उद्देश्वरी पैकराजी
मान. भैया लाल राजवाड़ेजी
मान. गोमती सायजी
मान. रायमुनि भगतजी
मान. शकुंतला पोर्तेजी
मान. भूलनसिंह मरावीजी
जन-जन के नेता सरल-सहज, मृदुभाषी, बस्तर के लाल
आदरणीय भईया केदार कश्यपजी
मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास,
सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री छ.ग. शासन को
जन्मदिन की शुभकामनाएं...
अमित गुप्ता
भाजपा युवा नेता छत्तीसगढ़

रायपुर
मंगलवार, 5 नवंबर 2024
कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 109
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 34.2
न्यून. 20.5

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

हैरिस-ट्रंप में कड़ा मुकाबला



# राज्यभर में चार लाख से अधिक राशनकार्ड अब बेकार, इस माह से नहीं मिलेगा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के करीब 4 लाख 11 हजार से ज्यादा राशन कार्डधारियों को नवंबर से राशन मिलना बंद हो जाएगा। खाद्य विभाग द्वारा इन कार्डधारियों के राशनकार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं, जिसके कारण इन कार्ड धारकों को चावल आवंटन नहीं होगा। खाद्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है, उसमें कई तरह के खुलासे हुए हैं। खाद्य विभाग के अनुसार रायपुर में करीब 6 लाख 1 हजार से ज्यादा राशन कार्डधारी हैं। इसमें से 62 हजार 966 कार्डधारक ऐसे ▶▶|शेष पेज 4 पर

खास खबर

### कार्ड ब्लॉक होने पर सत्यापन जरूरी

खाद्य विभाग के अनुसार जिन राशनकार्ड धारकों के कार्ड रद्द कर दिए गए हैं और वे राशन लेने पहुंचते हैं, तो उन्हें अपनी जानकारी विभाग को देने के लिए कहेंगे। विभाग का कहना है कि एक बार कार्ड यदि ब्लॉक हो जाता है, तो सत्यापन कराने के बाद ही दोबारा से राशन प्राप्त करने के लिए पात्र होने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह विभाग की ओर से पूरी प्रोसेस करने के बाद होगा।

### सत्यापन नहीं कराया, इसलिए विभाग ने किया रद्द

- प्रदेश में 94.69 प्रतिशत व रायपुर में 89.45 प्रतिशत कार्डधारकों ने अपने राशनकार्ड का वेरिफिकेशन कराया



पांच बार बढ़ाई तारीख

राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर के राशनकार्डधारियों के कार्ड वेरिफिकेशन के लिए पांच बार तारीख बढ़ाई गई। खाद्य संचालनालय ने सत्यापन की अंतिम तिथि को नहीं बढ़ाया है। सत्यापन कार्य की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी। अब तक प्रदेश में 94.69 प्रतिशत व रायपुर में 89.45 प्रतिशत कार्डधारकों ने अपने राशनकार्ड का वेरिफिकेशन कराया है। जिन कार्डधारकों ने सत्यापन नहीं कराया है, उनके राशनकार्ड रद्द किए जाएंगे।

### 76 लाख से ज्यादा राशन कार्डधारी

प्रदेश में करीब 76 लाख 83 हजार से ज्यादा राशनकार्ड धारक हैं। इनमें से 71 लाख 1 हजार के करीब कार्ड प्रिंट हो गए हैं। सत्यापन की प्रक्रिया राशन दुकानों और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम की जा रही थी, इसके अलावा जो नए राशनकार्ड बने हैं, उन्हें नगरीय निकायों में बांटा भी जा रहा है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राशनकार्ड सत्यापन की तारीख 31 अक्टूबर थी। शासन की ओर से अभी नई तारीख नहीं जारी की है। जिन लोगों ने आपना राशन कार्ड का सत्यापन नहीं कराया है, उनके कार्ड रद्द किए जाएंगे।

## अमेरिका में राष्ट्रपति के लिए आज चुनाव, रिजल्ट का रहेगा इंतजार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार 5 नवंबर को वोटिंग होगी। वोटिंग पूरी होने के बाद गिनती शुरू हो जाएगी, लेकिन रिजल्ट के लिए लंबा इंतजार करना होगा। डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों उम्मीदवार उन ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सुबह 7 से 9 बजे के बीच शुरू होगी वोटिंग

मतदान केंद्र विभिन्न राज्यों में स्थानीय समयानुसार सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे के बीच शुरू होंगे, जो कि भारतीय मानक समय के अनुसार शाम 4:30 बजे से रात 9:30 बजे के बीच है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फ्लेक्सी बैनर लगाते समय करंट से चार की मौत



**तड़ीपारु।** आंध्र प्रदेश के तदिपर्रू में सोमवार को एक समाज सुधारक की प्रतिमा के इर्द गिर्द फ्लेक्सी बैनर बांधते समय चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। घटना सोमवार को सुबह पूर्वी गोदावरी जिले के तड़ीपारु गांव में हुई। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने युवकों की मौत होने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### 40 लाख का मेफेड्रोन जब्त, दो गिरफ्तार



**इंदौर।** पुलिस ने सोमवार को इंदौर में करीब 40 लाख रुपए मूल्य का मेफेड्रोन (एमडी) जब्त कर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर एमआर-4 रोड से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आमिर गौरी और अयान खान के रूप में हुई है।

### उल्टा कर सिर के पास रखा जलता कोयला



**पांढुर्णा।** मप्र के पांढुर्णा जिले में नाबालिग लड़के को उल्टा लटकाकर उसके सिर के पास एक ट्रे में जलता हुआ कोयला रखने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना रविवार को जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर मोहगांव में घटी।

### अभयारण्य के पास ग्रामीणों ने बाघ को मार डाला



**जयपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में स्थित विख्यात रणथंभौर बाघ अभयारण्य के पास ग्रामीणों ने एक बाघ को मार डाला। इस बाघ की पहचान 'टी-86' के रूप में हुई है। अभयारण्य के पास उलियाना गांव में ग्रामीणों ने 12 वर्षीय इस बाघ को इस संदेह में मार डाला कि यह वही जानवर है, जिसने 51 वर्षीय व्यक्ति का शिकार किया था।

### उड़ान के दौरान मंजूरी पर ही इंटरनेट



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उड़ान के दौरान यात्री वाई-फाई के जरिये इंटरनेट सेवाओं का इस्तेमाल केवल तभी कर पाएंगे जब 3,000 मीटर की ऊंचाई पर पहुंच चुके विमान में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करने की अनुमति होगी। सरकार ने उड़ान और समुद्री संपर्क नियम, 2018 के तहत सुविधा दी है।

## उत्तराखंड में भीषण हादसा, 43 सीटर बस में सवार थे 60 यात्री

# गहरी खाई में लुढ़कते गिरी बस, 36 यात्रियों की थम गईं सांसें, चार घायलों को किया एयर लिफ्ट

एजेंसी ▶▶| मार्चुला

*उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हो गया। मार्चुला के पास एक बस 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 36 यात्रियों की मौत हो गई है। करीब 24 यात्री घायल हो गए। इनमें चार घायलों को एयरलिफ्ट भी किया गया। तीन घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। घटना के वक्त 43 सीट वाली बस में करीब 60 लोग सवार थे।*

खास खबर

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक बस के सोमवार को गहरी खाई में गिर जाने से 36 यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में 24 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घायलों में चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गढ़वाल मोटर ओनर्स एसोसिएशन द्वारा संचालित 43 सीटों वाली बस गढ़वाल क्षेत्र में पौड़ी से कल शाम रवाना हुई थी। लगभग 250 किलोमीटर दूर कुमाऊं में रामनगर जा रही थी। यह दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि बस अपने गंतव्य रामनगर से सिर्फ 35 किलोमीटर दूर थी जब यह अल्मोड़ा के मार्चुला क्षेत्र में 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटनास्थल से प्राप्त फोटो हादसे की भयावहता को दर्शाते हैं। वाहन जंगल से घिरे इलाके में चट्टानी ढलान से लुढ़कते हुए क्षतिग्रस्त हो गया और एक नाले से कुछ ही दूरी पर रुक गया। कुछ तस्वीरों में बचावकर्मी यात्रियों को बस से ▶▶|शेष पेज 4 पर



खास बातें
- हादसे में 24 यात्री घायल, न्यायिक जांच के आदेश
- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सीएम धामी ने जताया शोक

### त्योहार के बाद लौट रहे थे काम पर

गढ़वाल मोटर ओनर्स एसोसिएशन की बस, त्योहार के मौके पर हफ्तेभर की छुट्टियां घर पर बिताने के बाद काम पर लौट रहे लोगों को लेकर जा रही थी। हादसे में मुख्यमंत्री ने कहा कि बस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार किसी भी लापरवाही से सख्ती से निपटा जाएगा। धामी ने कहा, संबंधित विभागों को संबंधित अधिकारियों के निलंबन के आदेश दिए गए हैं।

### सीएम ने दिए बचाव और राहत के निर्देश

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में बस हादसे पर सचिव आपदा प्रबंधन,आयुक्त कुमाऊं मंडल और डीएम अल्मोड़ा से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और बचाव और राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए। डीएम देहरादून को भी रेस्क्यू ऑपरेशन की देखरेख के लिए विशेष रूप से वहां भेजा गया।

### राष्ट्रपति-पीएम ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अल्मोड़ा, उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया।

### चारों ओर बिखरी लाशें देख कांप उठी रूह

गढ़वाल से लेकर कुमाऊं के रामनगर और आसपास के क्षेत्र में चलने वाली जीएमओयू के यूजर्स ग्रुप की बस संख्या (यूके 12 पीए 0061) सोमवार की सुबह करीब सात बजे बारात गांव से होते हुए रामनगर की ओर जा रही थी। मरचूला के कूपी बैंड के पास पहुंचते ही जैसे ही चालक ने बस को मोड़ने का प्रयास किया। बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बस के गिरते ही चीख पुकार मच गई। चारों तरफ लाशें बिखरीं थीं। सबसे पहले कूपी गांव और आसपास के क्षेत्र के कुछ युवा मौके पर पहुंचे।

### मृतकों की हुई पहचान

मृतकों में दिनेश, चारू, मनोज रावत, दीपू, आदित्य राम सोनी, दिलबर, प्रवीण नेगी, मानवी ध्यानी, परवीन दत्त, नीरज ध्यानी, धनपाल, आदित्य रावत, शंका देवी, दर्शन लाल, रवि भारद्वाज, मिनाक्षी, सलोनी, रविन्द्र, रशमी रावत, दयावंती पाथनी, शुभम, बनवारी लाल, विशाल शामिल हैं।

मारडूम थाना क्षेत्र के बदरेंगा की घटना

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 3 युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के मारडूम थाना क्षेत्र में तीन ग्रामीणों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई है। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है। अचानक तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के दो युवक व शोक कार्यक्रम में शामिल होने आए एक रिश्तेदार की मौत हो गई। एक साथ तीन मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मारडूम थाना प्रभारी हरीश वर्मा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात मारडूम के हाथी दरहा पारा निवासी टेड़राम कश्यप 35 वर्ष के घर पर शोक कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान रात लगभग नौ बजे तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी। घर पर काफी लोग मौजूद थे, तभी आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आने से डोका कश्यप 43 वर्ष निवासी बदरेंगा बुदुपारा, टेड़राम कश्यप 35 वर्ष तथा ईश्वर कश्यप 28 वर्ष निवासी बाघनपाल थाना परपा व एक मवेशी की मौत हो गई। तीनों मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। टेड़राम कश्यप के घर शोक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची मारडूम पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पीएम के लिए रवाना किया गया। वहीं पीएम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।



- शोक कार्यक्रम के दौरान हुआ हादसा

### घटनाओं में हुआ इजाफा

गौरतलब है कि इस वर्ष मानसून के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। प्राकृतिक आपदा में कई लोगों की जान जा चुकी है। कई गंभीर रूप से झुलसकर अपना उपचार करवा रहे हैं। बहरहाल मारडूम पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

पुलिस कस्टडी में मौत मामले में नया मोड़

## पति ने थाने में लगाई थी फांसी, झारखंड में मिली पत्नी की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर थाने के अंदर पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। जिस महिला के लापता होने की जांच के दौरान युवक ने थाने में फांसी लगाई और पूरे जिलेभर में बवाल मचा उस महिला की लाश झारखंड के गढ़वा अंतर्गत कोयल नदी में मिली है। महिला की लाश की शिनाख्त उसके भाई ने की है। हालांकि बलरामपुर पुलिस ने लाश रीना गिरी के होने की पुष्टि नहीं की है लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि लाश रीना गिरी की ही है। महिला की लाश 30 सितंबर को ही बरामद की गई थी ऐसे में स्पष्ट है कि महिला की मौत 29 ▶▶|शेष पेज 4 पर

- भाई ने की मृतका की पहचान, जांच में जुटी पुलिस
- बंधे थे दोनों हाथ, सिर पर चोट के निशान, हत्या की बात आई सामने



### बंधे हैं हाथ, सिर पर चोट के निशान

बताया जा रहा है कि बलरामपुर पुलिस ने रीना गिरी के गायब होने के संबंध में इस्तेहार जारी किया था और इसी के आधार पर गढ़वा पुलिस ने बलरामपुर पुलिस से संपर्क किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस रीना गिरी के भाई को लेकर गढ़वा गई जहां उसने लाश की पहचान अपनी बहन रीना गिरी के रूप में की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को 30 सितंबर को ही महिला की लाश गढ़वा के कोयल नदी के किनारे मिली थी। मृतका के दोनों हाथ पीछे की ओर रस्सी से बंधे थे और उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से मारने के निशान है। डॉक्टरों ने पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण सिर में गहरा चोट व खून का थक्का जमने को बताया है। ऐसे स्पष्ट है कि 29 सितंबर को महिला की हत्या कर दी गई थी और लाश को ठिकाने लगाया गया।

### थाने में पति ने लगाई थी फांसी

महिला के गुमशुदगी की जांच के दौरान संदेह के आधार पर पुलिस ने गुरुचंद मंडल व ससुर शांती मंडल को हिरासत में लिया था और उनसे पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान 24 अक्टूबर को गुरुचंद मंडल ने थाने के अंदर बाथरूम में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद बलरामपुर जिले के साथ ही प्रदेशभर में बवाल मचा।

## वायुसेना का मिग-29 क्रैश...



ग्वालियर से भरी थी उड़ान

विमान में आसमान में ही लगी आग, खेत में गिरा

दोनों पायलटों ने कूदकर बचाई जान

**आगरा।** भारतीय वायुसेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान सोमवार को उत्तर प्रदेश के आगरा के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में लड़ाकू विमान से आग की लपटें निकलती हुई देखी गईं।

दम घुटने से गई जान

## खेलते-खेलते कार में बंद हो गए बच्चे, चार की मौत

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में चार बच्चे खेलते-खेलते एक कार में बंद हो गए, जिससे दम घुटने के कारण उनकी मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक चिराग देसाई ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि यह घटना शनिवार को अमरेली के रंधिया गांव में हुई और इसमें जान गंवाने वाले बच्चे मध्य प्रदेश के रहने वाले एक कृषि श्रमिक दंपति के थे। देसाई ने कहा, माता-पिता सुबह करीब साढ़े सात बजे अपने सात बच्चों को घर पर छोड़कर भरत मंदानी के खेत में काम करने चले गए थे।



### बच्चों के शव देख सदमे में माता-पिता

जब बच्चों के माता-पिता और कार मालिक शनिवार शाम को वापस आए, तो उन्हें चार बच्चों के शव मिले। बच्चों के शव देखते ही उनकी हालत खराब हो गई, वे सदमें में है। देसाई ने बताया कि घटना के संबंध में अमरेली (तालुका) थाने में एक्सीडेंट के कारण मौत का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## भारत भड़का, कनाडा को चेताया, प्रधानमंत्री मोदी ने की निंदा

# कनाडा में मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला, श्रद्धालुओं से मारपीट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कनाडा और भारत के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव में एक नया अध्याय जुड़ गया। कनाडा के ब्रैम्पटन में मंदिर पर पूजा-पाठ करने आए श्रद्धालुओं के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद बवाल हो गया है। भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं कनाडा में हिंदू मंदिर पर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। कनाडा में हिंदू मंदिरों पर सिलसिलेवार हमलों ने भारतीय प्रवासियों के भीतर चिंता पैदा कर दी है। इन घटनाओं के लिए ▶▶|शेष पेज 4 पर



### हिंदू मंदिरों पर लगातार हमले

हाल के हफ्तों में, कनाडा में कई हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और हमले की घटनाएं हुई हैं। ये घटनाएं ज़्यादातर भारतीय आबादी वाले महानगरीय क्षेत्रों में हुई हैं, जिनमें खालिस्तान समर्थक नारों के साथ मंदिर की दीवारों पर चित्र बनाने और कुछ मामलों में धार्मिक प्रतीकों को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं शामिल हैं। इसके बाद कनाडाई अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।

### हिंदू संगठनों का बड़ा फैसला

हिंदू संगठनों ने खालिस्तानियों के बढ़ते हौसले और हिंदू समुदाय पर हमलों को देखते हुए जस्टिन ट्रूडो सरकार से सवाल किए हैं। कैनेडियन नेशनल काउंसिल ऑफ हिंदू और हिंदू फेडरेशन ने मंदिर के पुजारियों और हिंदू अधिकारों के लिए लड़ने वाले समूहों के साथ मंदिर पर हमले के बाद एक आधिकारिक बयान जारी किया है। साथ ही ये फैसला लिया है कि राजनेताओं को अब राजनीतिक उद्देश्यों के लिए मंदिर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### ट्रूडो और पोइलिवरे ने भी की निंदा

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेता पोइलिवरे ने इस घटना की निंदा की है। जस्टिन ट्रूडो ने एक्स पर लिखा, ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। सभी कनाडाई लोगों को अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से और सुरक्षित रूप से पालन करने का अधिकार है। कनाडा में विपक्ष के नेता पियरे पोलीवरे ने मंदिर पर हमले की निंदा करते हुए कहा कि हर कनाडाई शांति से अपने धर्म का पालन कर सकता है।

## चिंतन

# हिंदुओं-मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे कनाडा

मानवाधिकार के पैरोकार का झंडा उठाए कनाडा सरकार को मंदिरों व हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। वोट बैंक तुष्टिकरण के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपने ही मुल्क के मंदिरों व हिंदुओं पर हमले की छूट किसी को नहीं दे सकते हैं। कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को एक हिन्दू मंदिर में लोगों पर हमला हुआ। कथित रूप से हमला खालिस्तान समर्थकों ने किया और इस दौरान कनाडाई पुलिस मूकदर्शक बनी रही। यह हमला तब हुआ, जब कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारी मंदिर में गए थे। साफ है कि हमलावर भारतीय अधिकारी को निशाना बनाना चाहते थे। हाल में जस्टिन ट्रूडो की कारगुजारियों की वजह से भारत व कनाडा के संबंध खराब से खराबतर होते गए हैं। अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा करना ट्रूडो सरकार का दायित्व है। बेशक जस्टिन ट्रूडो ने हमले की निंदा की है, वे दिवाली पर हिंदू मंदिर भी गए थे, इसके बावजूद उनकी खालिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी जगजाहिर है। दरअसल, भारतीय उच्चायोग ने तीन नवंबर को टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिन्दू सभा मंदिर के साथ मिलकर कैंप का आयोजन किया था। इसमें भारत विरोधी लोगों ने हिंसा की। तो क्या वोट बैंक के दबाव में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर खालिस्तानी आतंकियों को कनाडा में खुली छूट मिली हुई है? पिछले साल जून में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या हो गई थी। कनाडा के पीएम ट्रूडो ने इस हत्या के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। तबसे संबंध बिगड़ते गए हैं। आज बेहद खराब स्थिति में है। अब मंदिर में हिंदुओं पर हमला रिश्ते को और खराब करेगा। इसके लिए कनाडा ही ज़िम्मेदार है। दुर्भाग्य से भारत की सुरक्षा चिंता को लेकर कनाडा संवेदनशील नज़र नहीं आता है। खुद कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने मंदिर में हिंसा की निंदा करते हुए कहा है कि 'खालिस्तानी चरमपंथियों ने लाल रेखा पार कर ली है, जो कनाडा में हिंसक खालिस्तानी आतंकवाद के उदय को उजागर करता है।' इसी साल जुलाई में एडमॉन्टन में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। मंदिर के गेट और पीछे की दीवार पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक पोस्टर चिपका दिए गए थे। इस पर हरदीप सिंह निज्जर की तस्वीर भी लगी थी। सरे का लक्ष्मी नारायण मंदिर ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। यहां भी पिछले साल तोड़फोड़ हुई थी। पिछले वर्ष 2023 में विंडसर में एक हिंदू मंदिर को क्षतिग्रस्त किया गया था। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में हिंदू मंदिरों को नफरत से तोड़ा गया है। इस मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस भी सरकार के साथ दिखाई दे रही है। हिंदुओं और मंदिरों पर हमले एक ग्लोबल ट्रेंड बन कर उभर रहा है। कनाडा के अलावा ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश आदि देशों में भी हिंदू और मंदिर निशाने पर हैं। भारत सरकार को इन प्रवृत्तियों को पहचान कर हिंदुओं व मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गंभीर चेष्टा करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के फोरम से सुरक्षा की आवाज उठाई जानी चाहिए। भारत विरोधी ताकतों को यूं ही हिंसा करने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है। इसके खिलाफ स्टर्न एक्शन लिया जाना चाहिए।

## विचार

डॉ. शंकरलाल शास्त्री

# विद्या से ही विनम्रता और सुख -शांति संभव

आज शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिदिन बढ़ते पायदानों में जो पद्धतियां हमारे प्राचीन वाङ्मय में बताई गई थी उसे हम कितना निभा पा रहे हैं। गुरु के प्रति सेवा भाव यानी गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति। वहीं दूसरी पद्धति बताई गई उपलब्ध धन या स्व स्तर पर उच्च शिक्षा संस्थानों से अध्ययन परंपरा किंतु यहां भी कई छात्रों को अन्याय का सामना करना पड़ता है। हमें चाहिए कि अंधेरे घरों को भी उजाले की रोशनी से हम जगमगा दें पर कड़वा सच यह भी है कि रोशनी फैलाने वाले कुछेक उच्च शिक्षा की बड़ी - बड़ी अट्टालिकाओं में दाखिला लेने वाले कुछेक छात्रों को उनके साथ अन्याय और अमानवीयता के व्यवहार के चलते दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ता है। आज ऐसे छात्रों को ज्ञान ज्योति की अपेक्षा अपना उल्लू साधकर और मोटी फीस वसूल कर उन्हें ठेंगा दिखाकर दारिद्रय और अज्ञानांधकार में गोते लगाने को विवश कर दिया जाता है। इसी क्रम में ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध नगर के एक निजी विश्वविद्यालय में दाखिला लिए एक छात्र को अध्ययन के लिए एक भी दिन का अवसर नहीं दिया जाता है और सिर्फ ऊपरी प्रभावों के चलते शिक्षा रुपी द्वार से दूर ही रखा जाता है, आश्चर्य है। हालांकि यह विश्वविद्यालय शिक्षा का कम राजनीति के अखाड़ों का द्वार ज्यादा बना है। अपनी फीस रिफंड के लिए छात्र कलम घिस - घिस कर थक जाते हैं। जब एक शिक्षार्थी ने शिक्षा मंत्रालय से अपनी पीड़ा जाहिर की तो मंत्रालय ने प्रकरण का संज्ञान लेकर छात्र को बताया कि संबंधित विश्वविद्यालय ने छात्र का शिक्षण शुल्क लौटा दिया है जबकि छात्र यह लिख - लिख कर थक चुका है कि उसे अभी तक अध्ययन बाबत जमा राशि का एक रुपया भी नहीं लौटाया है। हुजूर, यह है हमारी शिक्षा की दशा और दिशा। सदियों पूर्व जो भारत देश शिक्षा का प्रमुख ज्ञान केन्द्र रहा। यद्यपि नालंदा विश्वविद्यालय फिर से स्थापित होकर अपनी प्राचीन ज्ञान पद्धति को आधुनिक परिप्रेक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने का एक प्रशस्य उपक्रम और शुभ संकेत भी है किंतु इस अज्ञान रुपी अंधेरे से निकलने के लिए दीपक बनने को आतुर ऐसे ज्ञानार्थियों की क्या कभी ज्ञान ज्योति प्रज्ज्वलित हो पाएगी?

जहां एक ओर शिक्षा के अधिकार की हम बात करते हैं। नई शिक्षा नीति लागू है तो भी बिना अध्ययन के ही विद्यार्थी का साल भी व्यर्थ कर देंगे और फीस की वसूली कर बस नियम कायदों की लिखा -पढ़ी रुपी पाती में ही आगे भी छात्र का समय गवांते रहेंगे। ऐसे में क्यों न पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए। दोष सिद्ध होने के बाद भी शुल्क वापसी नहीं। यानी जिसकी लाठी उसकी भैंस की कहावत चरितार्थ होती जा रही है। यह एक यक्ष प्रश्न ही है। आज शायद ही कोई यह कहने वाला मिले कि वह दीप का प्रतीक नहीं है। बड़े - बड़े सूरमाओं और तथाकथित कलमवीरों का तो एक ही उसूल है और वह है अंधकार को परास्त कर स्वच्छता और प्रकाश का संकल्प। पर अफसोस वे यह नियम स्वयं पर लागू नहीं करेंगे बल्कि पूरी ईमानदारी से दूसरे को अंधकार का प्रतीक सिद्ध करेंगे और स्वयं को महा प्रज्ञावान दीपक। दूसरों के घरों में अंधेरा करवाकर ज्ञान फैलाने वाले वाह री कलियुगी देवदीपो...।

"विद्या ददाति विनयं। विनयात याति पात्रतां..। यानी विद्या विनम्र बनाती है और विनम्रता से योग्यता आती है तथा योग्यता से धन की प्राप्ति होती है। फिर चहुंओर खुशी ही खुशी है पर आज विडम्बना यह है कि उधार के शब्दजाल रुपी चक्रव्यूह का पैमाना इतना बड़ा है कि स्वयं की आन्तरिक मलिनता, ईर्ष्या, छल, और षड्यंत्र की धोंकनी से सिर्फ दूसरे के लिए निंदा रुपी हवा भर- भर कर दुनिया को स्वच्छता और प्रकाश रुपी उजाले का संकल्प दीप घोषित कर दूसरे को अविद्या और स्वयं को विद्यावान होने का प्रमाण - पत्र भी स्वयं ही स्वयं को देते हैं। उजाले के "महाप्रकाश" का खिताब पाने को वे बेताब हैं।

हमारी भारतीय पर्व परंपरा हमें न केवल छल, दंभ व वैमनस्यादि आन्तरिक शत्रुओं का नाश करने का ही संदेश देती हैं बल्कि हमें प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ जीवन जीने की सीख भी देती हैं। आचार्य भर्तृहरि जी कहते हैं - 'मौनान्मूकः प्रवचनपटुः....।' यानी चुप रहें तो गूंगा, बोलें तो बकवादी, सहनशील होने पर डरपोक और असहनशील होने पर अकुलीन जैसे शब्दों से विभूषित करते हैं। फिर आखिर जीवन किस रुप में जीया जाए? क्यों न अन्तर्मन में झांक कर आत्ममंथन किया जाना चाहिए। भारतीय दर्शन में जलती दीपों की पांत सिर्फ स्वयं को सत्यवादी और संस्कारी मानने वालों के लिए ही नहीं बल्कि हर घर और हर जन को शिक्षा रुपी उजियारा फैलाने का अधिकार है। हमें इस संकीर्णता से बाहर भी निकलना होगा जिसमें दूसरों के घरों में अंधेरा फैलाकर स्वयं के महलों को बिजली की बंदनवारों से भले ही जगमगा लें पर हमारी आत्मा अन्य को दुखी और स्वयं को खुशी के यानी इस भेदभाव की पद्धति के लिए सदा कचोटती ही रहेगी। हमें अपने- पराए के बजाय "वसुधैव कुटुंबकम्" के विचारों को सार्थक करना होगा। हमारा अन्तर्मन सदा यही भाव रखे कि सब के जीवन में ज्ञान और खुशी की ज्योति प्रज्जवलित हो। तभी हमे आन्तरिक खुशी, सुकून और शांति मिल सकेगी और वही हमारी शुभ और लाभ वाली पर्व परंपरा साबित हो सकेगी।

*-लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

# ट्रंप या हैरिस, सशक्त ही होंगे संबंध



**यूएस राष्ट्रपति चुनाव**

आर.के. सिन्हा

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालांकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में नया अध्याय शुरू किया। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होना है। अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहे भारतीय मूल की कमला हैरिस बनें या फिर डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे।

अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहे भारतीय मूल की कमला हैरिस बनें या फिर डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है।

आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालांकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है।

प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। 'सिलिकॉन वैली' में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी



भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है।

बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्यांगना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेनी चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्यांगना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं, पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत-अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

-लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित

**दर्शन**

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पड़ो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाड़कर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हां! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नदियों का संरक्षण जरूरी

महात्मा गांधी ने कहा था कि नदियां हमारे देश की नाड़ियों की तरह हैं। यदि हम उन्हें गंदा करना जारी रखेंगे तो वो दिन दूर नहीं जब हमारी नदियां जहरीली हो जाएंगी। और अगर ऐसा हुआ तो हमारी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। जिन नदियों को हम माता समझते हैं, नदियों का प्रदूषण हमारे लिए भी किसी श्राप से कम नहीं हो सकता। मोदी सरकार ने गंगा को संभालने और इसके संरक्षण के उद्देश्य से भी वर्ष 2014 में नमामि गंगे नामक योजना लांच की थी। गंगा तभी पूरी तरह साफ होगी जब हम इसे साफ-सुथरा रखने का मन बनाएंगे। लोग गंगा नदी के किनारे जाते हैं पुण्य कमाने, लेकिन गंगा में पॉलीथीन या अन्य गंदगी डालने से परहेज नहीं करते। देश में नदियों के संरक्षण की सख्त जरूरत है। *- मनोज वाजपेयी, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# टेक्सास के शहरों में पहली बार मनाई गई दिवाली

अमेरिका के टेक्सास राज्य में इस साल ऐतिहासिक तरीके से दिवाली मनाई गई और पहली बार ह्यूस्टन और हैरिस काउंटी और ह्यूस्टन सिटी हॉल में दिवाली उत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय महा वाणिज्यदूत डी.सी.मंजूनाथ द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत के समय पूरे राज्य में एकजुटता, खुशी और सांस्कृतिक गौरव को रेखांकित किया गया। हर साल दिवाली मनाने की परंपरा इस साल भी जारी रही और ऑस्टिन स्थित गवर्नर के आवास में भी दिवाली मनाई गई जहां पर गवर्नर ग्रेग एबॉट ने समावेशिता का संदेश देते हुए कार्यक्रम की मेजबानी की। गवर्नर एबॉट ने टेक्सास और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बीच संबंधों को



मजबूत करने में महावाणिज्यदूत मंजूनाथ के नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया और कहा, 'दिवाली एक त्योहार से कहीं अधिक है; यह उस प्रकाश की याद दिलाता है जो हम सभी को एकजुट करता है।' ह्यूस्टन ने 31 अक्टूबर को दोपहर में सिटी हॉल में अपना पहला दिवाली समारोह मनाया। यहां महापौर कार्यालय ने लेगेसी हॉल में समुदाय के सदस्यों, शहर के अधिकारियों और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं की मेजबानी की।

## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है।



अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

## ट्रेंड

### जनता-जनार्दन का जोश



झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद की तुष्टिकरण की राजनीति यहां के हमारे आदिवासी समाज और देश की सुरक्षा, दोनों के लिए बड़ा खतरा है। झारखंड के गढ़वा में जनता-जनार्दन का जोश बता रहा है कि राज्य में भाजपा-एनडीए की सरकार बननी तय है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आर्थिक उथल-पुथल पैदा की



नरेंद्र मोदी जी, नकली आख्यान वास्तविक कल्याण का विकल्प नहीं हो सकते। आम नागरिकों से उनका आखिरी पैसा लूटकर आपने जो आर्थिक उथल-पुथल पैदा की है। यहां तक कि त्यौहारी खुशियां भी कम खपत, उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रही भारत की अर्थव्यवस्था का उत्साह नहीं बढ़ा सकीं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### आप आंदोलन करेगी



उत्तर प्रदेश की सरकार 26000 सरकारी स्कूलों को पहले ही बंद कर चुकी है, अब 27000 स्कूलों को और बंद करने जा रही है। आगामी 9 नवंबर दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आम आदमी पार्टी इसके खिलाफ आंदोलन करेगी।

-संजय सिंह, आप नेता

### वास्तविकता दर्द भरी होती है



सफलता बाहर से ग्लैमरस दिखती है, लेकिन वास्तविकता अक्सर दर्द, त्याग और कड़ी मेहनत से भरी होती है। इसमें केवल सपनों से अधिक की आवश्यकता होती है - यह संघर्षों के माध्यम से दृढ़ता है जो वास्तव में 1% को अलग करती है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, 12 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर के मुख्य मार्ग में सोमवार को दोपहर डेढ़ बजे अरिहंत हार्डवेयर के सामने दुर्ग से लोहारा आ रही मुस्कान ट्रेवल्स की बस क्रमांक सी जी 07 ई 1081 अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में बस में सवार कई लोगों को चोट लगी, जिसे तुरंत ही आमजनों व पुलिस ने 108 व अन्य साधन से नगर के शासकीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। बस में लगभग 25 यात्री सवार थे, जिसमें से 12 यात्रियों को चोट पहुंची है, इसमें से 1 नौ माह की बच्ची व 1 नौ साल की लड़की भी शामिल हैं। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं लगी। एक महिला रेखा साहू 35 के हाथ में फ़्रैक्चर व गाड़ी के कंडक्टर व बस मालिक अनिल साहू 62 वर्ष के सिर में चोट लगी है। बाकी सभी लोगों को पैर, सिर हाथ आदि विभिन्न स्थानों पर जख्म खरोच आयी है, जिनका उपचार नगर के शासकीय अस्पताल में किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस धीमे रफ्तार से नगर की ओर आ रही थी कि अचानक से ही अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग से उतरकर नीचे खाली प्लाट की ओर जाने लगी व प्लाट में स्थित बिजली के खम्बे से टकराकर कंडक्टर साइड में पलट गई। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि कुछ देर के लिए लोगों को व बस में सवार यात्रियों को कुछ पता भी नहीं चला, फिर घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने व मार्ग से गुजरने वाले लोग तुरंत ही मदद को दौड़े, वहीं किसी ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस की टीम भी पहुंची व आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# घटारानी मंदिर परिसर में दिखा भालू वन विभाग ने ग्रामीणों को किया अलर्ट



**छुईहा बेलर**। पर्यटन एंव धार्मिक घटारानी मंदिर के आसपास जंगली जानवर भालू विचरण कर रहा है। नवरात्र पर्व के समय रात्रि में देखा गया था। वर्तमान में रोज मंदिर के आसपास विचरण करने की खबर आई है। रात्रि 7 बजे के बाद भालू कभी एनीकेट के आसपास एंव घटारानी मंदिर व्यवसायिक काम्प्लेक्स, निकट पार्किंग स्थल में देखा गया है। जो सीसी कैमरे में कैद हुई है। इधर वन विभाग परिक्षेत्र पाण्डुका अधिकारी ने भालू से किसी अनहोनी को टालने सतत निगरानी कर रहे हैं। निकट दिखे जाने पर घने जंगल की ओर खदेड़ते है। फिर हाल भालू द्वारा किसी को नुक्सान नहीं पहुंचाया है,जो राहत भरी है। वहीं वन विभाग द्वारा लोगों से सतर्क रहने की अपील के साथ भालू दिखे जाने पर छेड़खानी न करे और विभाग को सुचित करने कहा है।

## ट्रक में लगी आग चालक को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाला

**बलौदाबाजार**। सुहेला के भाटापारा रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास रविवार को ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमडी 0459 में अचानक आग लग गई। कुछ ही क्षणों में ट्रक के केबिन से धू–धू करते हुए आग की लपटें निकलती देखकर आसपास के ग्रामीण सहम गये तथा सुझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत वाहन के केबिन में फंसे चालक को निकालने का प्रयास करते हुए घटना की सूचना पुलिस थाना सुहेला को दी ।

## सिद्धखोल जलप्रपात के समीप दिखा बाघ

**कसडोल**।सोनाखान रेंज अन्तर्गत सिद्धखोल जलप्रपात के समीप रविवार की सुबह 4 बजे पचपेड़ी ग्राम के मुख्यमार्ग पर बाघ दिखने से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार तकरीबन 4 बजे एक राहगीर रास्ते से गुजर रहा था, इसी दौरान उन्होंने बाघ देखा और उसे अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। विदित हो कि बाघ कई महीनों से बार नवापारा के जंगलों में विचरण कर रहा है।

## डिलवरी बॉय पर चलाया कटर, लोगों ने की आरोपी की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



डिलवरी बॉय पर कटर से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में युवक के गुप्तांक और उंगली पर चोट लगने का मामला सामने आया है। वारदात के बाद मौके पर पहुचे लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। मामला जामुल पुलिस थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक गुलशन देवांगन और छोटेलाल यादव दोनों आपस में अच्छे दोस्त हैं। छोटेलाल यादव फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय का काम करता हैं। वहीं गुलशन गार्ड का काम करता था। रविवार शाम गुलशन, छोटेलाल और एक अन्य साथी भगवान यादव तीनों ने मिलकर एक साथ शराब पिया। इसी दौरान गुलशन और छोटेलाल का आपस में विवाद हो गया। विवाद के बाद छोटेलाल और भगवान यादव रुंगटा कॉलेज से थोड़ा आगे कुरुद की तरफ निकल गए। गुलशन अपने कुछ साथियों के साथ दोनों का पीछा करते हुए पहुंचा और फिर से विवाद शुरू कर दिया। भगवान दोनों को न लड़ने की समझाइश दे ही रहा था कि गुलशन ने कटर निकालकर छोटेलाल पर हमला कर दिया। इस हमले में भगवान यादव को भी चोट आई है।






## खबर संक्षेप

### बड़ी संख्या में महिलाएं विमानन को करियर के रूप में चुन रहीं : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थीं। यह बैठक 'द प्रेसिडेंट विद द पीपल' पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है।

### 48 घंटों में पांच लड़कियों से दुष्कर्म बंगाल में नहीं थम पा रही है दरिंदगी



**कोलकाता।** बंगाल में दुष्कर्म की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलीपुरद्वार, मुर्शिदाबाद व उत्तर 24 परगना के बाद अब हुगली जिले में एक किशोरी के साथ उसके पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मोगरा इलाके में 16 साल की किशोरी से उसके पड़ोसी ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। किशोरी उस वक्त घर में अकेली थी। इसे लेकर बीते 48 घंटों में राज्य में नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म की यह पांचवीं घटना है।

### विमान हादसे में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड जनरल की मौत

**तेहरान।** ईरान में पाकिस्तान की सीमा के पास एक अभियान के दौरान एक 'ऑटोगाइरो' (हेलीकॉप्टर के समान विमान) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक कमांडर और उनके पायलट की सोमवार को मौत हो गई। सरकारी टीवी चैनल की रिपोर्ट में रिपोर्ट में कहा गया है कि जनरल हामिद मजांदरानी की मौत सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में स्थित सिरकन सीमा क्षेत्र में एक सैन्य अभियान के दौरान हुई। अर्द्ध-सरकारी 'तस्नीम समाचार एजेंसी' ने बताया कि यह दुर्घटना सैन्य अभ्यास के दौरान हुई।

6 साल बाद जम्मू-कश्मीर का पहला विधानसभा का सत्र

# अनुच्छेद 370 निरस्त करने के खिलाफ प्रस्ताव पर हंगामा

## पीडीपी के विधायक वहीद पारा लेकर आए प्रस्ताव, भाजपा के सभी 28 विधायकों ने जताया विरोध

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

छह साल में पहली बार बुलाई गई जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विधायकों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सत्र की शुरुआत में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीद पारा ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया तथा पूर्ववर्ती राज्य को मिला विशेष दर्जा फिर से बहाल करने का आह्वान किया, जिसे लेकर सदन में खूब हंगामा हुआ। भाजपा के सभी 28 विधायकों ने अपने स्थानों पर खड़े हो कर विरोध जताया। भाजपा विधायक श्याम लाल शर्मा ने पारा पर विधानसभा नियमों का उल्लंघन कर प्रस्ताव लाने का आरोप लगाया और इसके लिए उन्हें निलंबित करने की मांग की।



### अब्दुल राथर बने विधानसभा अध्यक्ष



जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए नेशनल कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता और विधायक अब्दुल रहीम राथर को अध्यक्ष चुना गया है। सीएम उमर अब्दुल्ला और प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने नए विधानसभा स्पीकर अब्दुल रहीम राथर को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। 80 वर्षीय अब्दुल रहीम राथर चरार-ए-शरीफ सीट से सात बार के विधायक हैं। वह पहले भी जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में अध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। साल 2002 से साल 2008 तक वह विपक्ष के नेता भी रहे हैं।

### राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए करेंगे प्रयास

*विधानसभा में अपने पहले अभिभाषण में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि उमर अब्दुल्ला सरकर राज्य का दर्जा और प्रदेश को मिली विभिन्न संवैधानिक गारंटी को बहाल करने की हर संभव कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के दर्जे एवं संवैधानिक गारंटी की बहाली लोगों द्वारा लोकतांत्रिक संस्थानों में व्यक्त किये गये विश्वास का 'उचित प्रतिफल' होगी। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को 'साकार करने के लिए पूरी तरह कमर कस चुकी है। यह आकांक्षा प्रबल बनी हुई है और पीएम नरेंद्र मोदी भी प्रतिबद्धता जता चुके हैं।*



ब्रिस्बेन में जयशंकर ने गांधी को किया नमान

# नए भारतीय वाणिज्य दूतावास से संबंध होंगे और भी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर फिलहाल पांच दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने सोमवार को ब्रिस्बेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन भी किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गांधी के आदर्श दुनिया भर में गूंजते रहते हैं। उन्होंने एक्स पर कहा कि सुबह ब्रिस्बेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शांति और सद्भाव का उनका संदेश दुनिया भर में गूंजता है।



### प्रवासियों की सेवा में योगदान देगा

उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा कि ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक रूप से उद्घाटन करते हुए मुझे खुशी हो रही है। यह क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने, शैक्षिक संबंधों को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा। उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए क्वींसलैंड की राज्यपाल महामहिम डॉ. जीनेट यंग और मंत्रियों रोस बेट्स और फियोना सिम्पसन को धन्यवाद।

वायनाड में प्रियंका का रोड शो

# प्रियंका ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप, कहा-त्रासदी पर की राजनीति



एजेंसी ▶▶ वायनाड

वायनाड में 13 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होने है। ऐसे में कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस महासचिव और वायनाड से उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने वहां डेरा डाला हुआ है। वो लगातार एक के बाद एक रैलियां कर रही है। इसी क्रम में आज उन्होंने रोड शो किया और जनता को संबोधित भी किया। कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने पुलपल्ली में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कई जनसभाओं को संबोधित किया और भाजपा पर हमला बोला-प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि जुलाई में वायनाड में आई भूस्खलन आपदा का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भूस्खलन पीड़ितों को सहायता में आनाकानी की। आरोप लगाया। प्रियंका ने आगे कहा कि जब बहुत से लोगों को लगा कि अब कोई उम्मीद नहीं बची है और हम सभी सोच रहे थे कि क्या करें। हम भाजपा की इस अपार नकारात्मक शक्ति और उनके द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार से कैसे लड़ेंगे? मेरे भाई ने एकता और शांति के नाम पर कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर पैदल चलने का फैसला किया। आपने ही उसे ऐसा करने का साहस दिया। आपके पास स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास है जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी।

## अब पूर्वी लद्दाख के बफर जोन में बढ़ी 'समाधान की उम्मीद'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अब लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर सतर्कता बनाए रखते हुए गश्त के तौर-तरीकों को परिभाषित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत और चीन के अधिकारियों के बीच चल रही चर्चाओं का केंद्र महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बफर जोन समेत एलएसी पर टकराव वाले पॉइंट हैं। चर्चा से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, एलएसी पर टकराव वाले सभी पॉइंट के लिए बातचीत चल रही है। बचे हुए बफर जोन में गश्त के मुद्दे को सुलझाने के लिए कई स्तरों पर अभी-भी चर्चाएं चल रही हैं। कोर कमांडर स्तर की वार्ता के अगले दौर में इन बफर जोनों पर बातचीत को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने हाल ही में ब्रिस्बेन में कहा था कि भारत समझौते के बाद के घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखे हुए है और आगे प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

गणपति पूजा के दौरान उठे विवाद पर बोले जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़

# पीएम मेरे घर पर आए इसमें कुछ भी गलत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि वह एक आस्थावान व्यक्ति हैं और सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करते हैं। एक कार्यक्रम के दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने बताया कि उन्होंने अयोध्या के फैसले से पहले भगवान से प्रार्थना की थी। जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गणेश पूजा पर उनके निवास पर आना कोई गलत बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'पीएम गणपति पूजा के लिए मेरे आवास पर आए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि सामाजिक स्तर पर भी न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच बैठकें होती हैं। हम राष्ट्रपति भवन, गणतंत्र दिवस आदि पर मिलते हैं। हम प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ बातचीत करते हैं। इन बातचीत में वह मामले शामिल नहीं होते हैं, जिन पर हम फैसले देते हैं।'



### सभी धर्मों का सम्मान

सीजेआई ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि बातचीत एक मजतबूत अंतर-संस्थागत तंत्र का हिस्सा है। न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति के विभाजन का मतलब यह नहीं है कि दोनों एक-दूसरे मिल नहीं सकते। अयोध्या राम मंदिर विवाद के समाधान के लिए भगवान से प्रार्थना करने के अपने बयान चंद्रचूड़ ने कहा कि वह एक आस्थावान व्यक्ति हैं और सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

### इस माह रिटायर हो रहे चंद्रचूड़

इस महीने सेवानिवृत्त हो रहे सीजेआई ने यह भी कहा कि उनके तहत कॉलेजियम सुप्रीम कोर्ट में एक महिला की जज की नियुक्ति नहीं कर सका, क्योंकि हाईकोर्ट के जजों में से कोई भी वरिष्ठता के पद पर नहीं थीं, जिसे और ऊंचे पद पर बिठाया जा सके। सीजेआई से सवाल किया गया था कि उनके कार्यकाल के दौरान 18 नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट में की गईं, लेकिन उनमें से कोई भी महिला नहीं थी। क्या उन्हें इसका अफसोस रहेगा?

अल्जीरिया की पहली यात्रा पर सीडीएस

# दोनों देश रक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे

एजेंसी ▶▶ अल्जीयर्स



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने रविवार को अल्जीरियाई केंद्रीय संग्रहालय का दौरा किया। इस संग्रहालय में उपनिवेशवाद के खिलाफ मुक्ति के लिए पीपुल्स नेशनल आर्मी के संघर्ष को सहेजा गया। सीडीएस चौहान इन दिनों भारत और अल्जीरिया के बीच द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए अल्जीरिया की अपनी पहली यात्रा पर हैं। यह दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीडीएस चौहान ने अल्जीरिया के सैन्य इतिहास के असाधारण प्रदर्शन की सराहना की। संग्रहालय में प्राचीन साम्राज्य न्यूमिडियन युग के अल्जीरियाई लड़ाकों से जुड़ी कई वस्तुओं, कपड़ों, हथियारों और अन्य अनूठी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है।

भारत-वियतनाम का संयुक्त सैन्य अभ्यास

# द्विपक्षीय संबंध होंगे मजबूत सर्वोत्तम प्रथाएं साझा करेंगे

एजेंसी ▶▶ अंबाला




भारतीय और वियतनाम सेना का द्विपक्षीय अभ्यास 'विनबैक्स' सोमवार से हरियाणा के अंबाला में शुरू हुआ। अभ्यास का यह 5वां संस्करण 23 नवंबर तक अंबाला के चंडीमंदिर में होगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल यह सैन्य अभ्यास वियतनाम में हुआ था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अभ्यास के इस संस्करण में दोनों देशों की सेनाओं और वायु सेनाओं के कर्मी पहली बार हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी में 47 कर्मी हैं, जिसका प्रतिनिधित्व कोर ऑफ इंजीनियर्स की एक रेजिमेंट के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी कर रहे हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़**
eegar-phe-cg@nic.in

**निविदा निरस्तीकरण**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एजेंसी/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा अनुमोदन उपरान्त अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। शीघ्र पुनः ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जावेगी।

| नि.सू.क्र./जी क्र./दिनॉक |
|---|
| NIT No. 963, 968/Date 01.08.2023 (G-04160/4, दिनांक 11.08.2023) |

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
गरियाबंद, (छ.ग.)

G-242503574/4

**कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**
ई-मेल-actd.kabeerdham@nic.in

क्रमांक 2671/EMRS / आजाक/2024-25

कबीरधाम, दिनांक 29/10/2024

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

कार्यालयीन ज्ञापन क्र/1331/EMRS/आजाक/2024-25 कबीरधाम दिनांक 02.08.2024 के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि. खं. बोड़ला जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं दिनांक 23.08.2024 दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी।

अतएव उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कबीरधाम

G-242503580/2

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़**
eegar-phe-cg@nic.in

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन अन्तर्गत नलजल प्रदाय योजना के तहत पाईप लाईन एवं एफएचटीसी का कार्य।**

| नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | ग्राम/वि.ख. | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1062/29.10.2024 | 160748 | तारझर / मैनपुर (पंचम निविदा) | 22.05 |
| 1063/29.10.2024 | 160749 | मरदाडीह / गरियाबंद (तृतीय निविदा) | 2.82 |

**नोट :-** उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 31.10.2024 से देखी जा सकती है तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 18.11.2024 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
गरियाबंद, (छ.ग.)

G-242503575/2

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी/ अंतागढ़/ बांसागार बांदे में संग्रहित ईमारती काष्ठ/ बल्ली/औद्योगिक/ व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन नीलाम तिथि 08.11.2024 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान/नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम भवन, दिनांक 08.11.2024 प्रातः 09:00 बजे से |

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-

| अ. क्र. | प्रजाति | अविक्रित वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली |
| 1 | सागौन | 25 | 163 | 25 | 163 |
| 2 | साल | 91 | 59 | 91 | 59 |
| 3 | बीजा | 18 | 25 | 18 | 25 |
| 4 | हल्दू/मुंडी | 13 | - | 13 | - |
| 5 | तेन्दु | - | - | - | - |
| 6 | अन्य | 5 | - | 5 | - |
| | योगः- | 152 | 247 | 152 | 247 |

नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक / व्यापारिक बांस :-

| क्र. | वनमण्डल | बांसागार भानुप्रतापपुर | नग | नो.टन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 54030 | 154.932 | काष्ठ नीलाम के पश्चात औद्योगिक / व्यापारिक बांस का भानुप्रतापपुर नीलाम हॉल में किया जावेगा। |
| | | बांसागार भानुप्रतापपुर | बंडल | नो.टन | |
| | | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 1563 | 24.316 | |
| | | बांसागार अंतागढ़ | बंडल | नो.टन | |
| | | औद्योगिक बांसागार अंतागढ़ (पुराना लॉट) | 394 | 4.972 | |
| | | बांसागार बांदे | बंडल | नो.टन | |
| | | औद्योगिक बांसागार बांदे (नया लॉट) | 9500 नग | 141.000 | |
| | | बांसागार बांदे | नग | नो.टन | |
| | | व्यापारिक बांसागार बांदे (पुराना लॉट) | 32530 नग | 97.329 | |

दूरभाष क्रमांक- पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)

1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है। 2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कलेण्डर वर्ष 2024 का पंजीयन, आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति एवं जी.एस. टी. पंजीयन का प्रमाण पत्र ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है। 3. विनिर्माता/उपभोक्ता / व्यापारी लायसेंस / जी.एस.टी. पंजीयन नम्बर की छायाप्रति एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा। 4. नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित पूर्ण विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। 5. वनोपज विक्रय उपरांत डिमाण्ड ड्राफ्ट स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का ही स्वीकार किया जावेगा। 6. अन्य जो भी जानकारी जो आवश्यक हो वनमंडल कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते है।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर

G-242503582/2

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 2453 / लो.क. वि/न.पा.नि./ 2024 — रायगढ़ दिनांक 04.11.2024

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 160806 | CONSTRUCTION OF BT ROAD FROM JOGIDEEPA TO NEAR WATER WORLD (RAMPUR MAIN ROAD) AT WARD NO. 07,08 | 213.19 | 27.11.2024 |
| 2 | 160807 | CONSTRUCTION OF ROAD WORK FROM JILA HOSPITAL TO SADABA-HAR HOTEL AT WARD NO. 19, 22, 23 | 341.58 | 27.11.2024 |
| 3 | 160811 | CONSTRUCTION OF ROAD FROM GOGA RICE MILL TO MITTUMUDA CHOWK TO TRANSPORT NAGAR AT WARD NO. 31, 36, 37 | 275.75 | 27.11.2024 |
| 4 | 160814 | CONSTRUCTION OF BT ROAD FROM NAGAR NIGAM OFFICE TO CHHATAMUDA CHOWK AT WARD NO. 30, 31, 35, 36 | 413.20 | 27.11.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
**"स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें"**

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़



# अक्षय के साथ रोमांटिक सीन करने में झिझकतीं थीं करीना

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता करीना कपूर खान और अक्षय कुमार ने कई फिल्मों में काम किया है। करीना ने एक बार खुलकर बताया था कि अक्षय के साथ रोमांस करना कितना 'अजीब' लगता था, जबकि वह उनकी बहन करिश्मा के को-स्टार थे। करीना कपूर ने बताया कि कैसे वे अक्षय कुमार और अपनी बहन की फिल्म के सेट पर जाती थीं और वहां खेलती थीं। करीना ने कहा कि मैं करिश्मा कपूर के सभी सह कलाकारों के साथ रोमांस कर रही हूं। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार जब फिल्में कर रहे थे, तब मैं स्कूल यूनिफॉर्म में थी। करिश्मा कपूर मेरी बड़ी बहन हैं, उनके सह कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए थोड़ा अजीब रहा है।

लाइफ Style




# साई सीता के किरदार में आएंगी नजर

अभिनेत्री साई पल्लवी ने भारतीय फिल्म उद्योग में अपने लिए एक अलग पहचान बना ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साउथ सिनेमा में अपनी पहचान बनाने के बाद, अब साई, रणबीर कपूर अभिनीत रामायण से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इतने शानदार करियर के साथ, साई पल्लवी की संपत्ति अच्छी खासी है, जो उनकी उनकी सफलता को दर्शाती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, साई पल्लवी की वर्तमान कुल संपत्ति लगभग 47 करोड़ रुपए है। उनकी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा मलयालम, तेलुगु और तमिल सिनेमा में उनकी फिल्मों से आता है। वह कुछ ब्रांड एंडोर्समेंट भी करती हैं। साई ने हाल ही में सुर्खियां बटोरीं क्योंकि उन्होंने पहले कई ब्रांड एंडोर्समेंट को अस्वीकार कर दिया था। अमरन अभिनेत्री एक फिल्म के 2.5 करोड़ से 3 करोड़ रुपए लेती हैं। हालांकि, उन्होंने नितेश तिवारी की रामायण में अपनी भूमिका के लिए 6 करोड़ रुपए की डिमांड की है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह फिल्म बड़े पैमाने पर है। इस फिल्म में साई के अलावा रणबीर कपूर और केजीएफ स्टार यश के होने की भी संभावना है। साई पल्लवी अपने विनम्र स्वभाव के लिए जानी जाती हैं, लेकिन तमिलनाडु के कोयंबटूर में उनका एक खूबसूरत घर भी है। अभिनेत्री अक्सर अपने परिवार के साथ उस आलीशान घर में क्वालिटी टाइम बिताती हैं। उनके पास मित्सुबिशी लांसर इवो एक्स और ऑडी क्यू 3 सहित कुछ शानदार कारें भी हैं।



# कई अवॉर्ड्स से सम्मानित थे दिग्गज क्विंसी जोन्स

**लॉस एंजिल्स।** संगीत दिग्गज क्विंसी जोन्स को माइकल जैक्सन के साथ उनके काम के लिए जाना जाता था। उन्होंने जैक्सन के प्रतिष्ठित एल्बम 'थ्रिलर' का निर्माण किया, जिसकी 65 मिलियन प्रतियां बिकीं और यह अब तक का सबसे अधिक बिकने वाला एल्बम बन गया। शिकागो के साउथ साइड की सड़कों से मनोरंजन उद्योग तक की उनकी यात्रा एक उल्लेखनीय कहानी है। 2001 में प्रकाशित उनकी आत्मकथा 'क्यू' में उन्हें मिले कई सम्मान और पुरस्कारों की सूची है। 18 पृष्ठों में फैले, जोन्स ने रूट्स पर अपने काम के लिए 28 ग्रैमी पुरस्कार, दो मानद अकादमी पुरस्कार और एक एमी अर्जित किए थे। क्विंसी ने 91 वर्ष की आयु में आखिरी सांस लेकर दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है। क्विंसी की विशाल विरासत माइकल जैक्सन के ऐतिहासिक थ्रिलर एल्बम के निर्माण से लेकर पुरस्कार विजेता फिल्म और टेलीविजन स्कोर लिखने तक थी। इसके साथ उन्होंने फ्रैंक सिनात्रा, रे चार्ल्स और सैकड़ों अन्य रिकॉर्डिंग कलाकारों के साथ सहयोग किया था।

# डेनियल से सनी ने दूसरी बार रचाई शादी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सनी लियोनी ने दूसरी बार शादी रचा ली है। हालांकि, दूसरी बार भी उन्होंने पति डेनियल वेबर के साथ ही जीने-मरने की कसमें दोहराई हैं। सनी और डेनियल ने साल 2011 में शादी की थी। वहीं, शादी के 13 साल बाद जोड़े ने 31 अक्टूबर को मालदीव में दोबारा शादी की। हालांकि, न तो सनी और न ही डेनियल ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। लेकिन, रिपोर्ट के अनुसार, इसमें केवल उनके बच्चे-निशा, नूह और अशर ही शामिल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पारंपरिक आनंद कारज समारोह में शादी करने के 13 साल बाद सनी और डेनियल ने व्हाइट वेडिंग चुनी। दोनों काफी समय से अपनी शादी की प्रतिज्ञा को नवीनीकृत करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इंतजार किया क्योंकि वे चाहते थे कि उनके बच्चे इस समारोह के महत्व को समझें। दंपती ने स्वयं द्वारा लिखी प्रतिज्ञाएं पढ़ीं और उनके तीनों बच्चों में से प्रत्येक ने बताया कि परिवार उनके लिए क्या मायने रखता है। निशा सनी को गलियारे तक ले गईं और बेटे मंच पर अपने पिता के साथ उनका इंतजार कर रहे थे।



# ब्रेकअप के बाद 3 बच्चों के पिता से की शादी
# टॉप एक्टर्स से हुआ था इस एक्ट्रेस को प्यार...

**नई दिल्ली।** तस्वीर में दिख रही ये जहीन सी बच्ची बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस रही है। जिसकी एक्टिंग का मुकाबला आज भी हर कोई एक्ट्रेस नहीं कर सकती. और, डांस के मामले में जो ग्रेस और लचक इस एक्ट्रेस ने दिखाई, उस पर आज भी जमाना फिदा है। अपने दौर के बड़े से बड़े सितारे के साथ इस एक्ट्रेस ने स्क्रीन शेयर की और मेजर रोल्स अदा किए। उन्हीं में से कुछ के साथ नाम भी जुड़ा और रोमांस भी खूब हुआ। लेकिन, जब शादी की बात आई तो एक्ट्रेस ने अपने डिसिजन से अपने हर चाहने वाले को चौंका दिया। ये बच्ची कोई और नहीं, उस दौर की टॉप एक्ट्रेस वैजयंती माला हैं।



***इन एक्टर्स के साथ ऑन और ऑफ स्क्रीन रहा रोमांस :*** वैजयंती माला ने अपने फिल्मी करियर के दौरान तकरीबन हर टॉप एक्टर के साथ काम किया। जिसमें देवानंद, शम्मी कपूर, राज कपूर, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र सबके नाम शामिल हैं। इनमें से राज कपूर और दिलीप कुमार के साथ उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री भी खूब पसंद की गई और पर्दे के पीछे भी उनके रोमांस की खबरें आती रही। राज कपूर के बारे में तो यहां तक कहा जाता है कि उनकी पत्नी कृष्णा राज कपूर दोनों से जुड़ी खबरें सुनकर खासी नाराज हो गईं थीं। इस नाराजगी में वो बच्चों सहित घर छोड़ कर होटल में रहने लगी थीं। उनकी घर वापसी इसी शर्त पर हुई कि राज कपूर कभी वैजयंती माला के साथ काम नहीं करेंगे। इन खबरों के बाद वैजयंती माला को करियर के स्तर पर भी कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

***तीन बच्चों के पिता से हुआ प्यार:*** वैजयंती माला और राज कपूर का रिश्ता तो टूट गया। लेकिन, वैजयंती माला को उन्हीं के डॉक्टर में अपना लव ऑफ लाइफ नजर आया। वैजयंती माला ने जिस शख्स से शादी रचाई, वो थे राज कपूर के डॉक्टर चमनलाल बाली। उस दौर में चमन लाल बाली खुद वैजयंती माला के बड़े फैन हुआ करते थे। दोनों ने पसंद मिलने के बाद 1968 में 10 मार्च को शादी रचा ली। जब ये शादी हुई तब चमन लाल बाली पहले से ही शादीशुदा थे और तीन बच्चों के पिता थे।

# बहन को देख लगा एक्टिंग का चस्का, फ्लॉप मूवी से चमकी किस्मत, सुपरस्टार संग की 'कुली नंबर 1'

*__नई दिल्ली।__ एक्ट्रेस जब छोटी थीं, तब उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। वे 53 साल की हो गई हैं और बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने नेशनल अवॉर्ड सहित कई पुरस्कार जीते हैं। उनकी मां एक स्कूल टीचर थीं और बड़ी बहन एक मशहूर एक्ट्रेस थीं, जिन्हें देखकर उन्हें एक्टिंग का चस्का लगा था। उन्होंने फिल्म 'प्रेम' में काम किया, जिसे बनाने में बोनी कपूर को 8 साल लग गए थे। फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही, लेकिन यहां से तब्बू को खास पहचान मिली। बोनी कपूर दिसंबर 1987 में दो फिल्में लॉन्च की थीं- 'रूप की रानी चोरों का राजा' और 'प्रेम'। प्रेम में तब्बू को संजय कपूर के अपोजिट साइन किया गया था। फिल्म को बनने में 8 साल लग गए और यह बोनी कपूर के प्रोडक्शन करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म साबित हुई, लेकिन इस फिल्म के बाद तब्बू का करियर खूब आगे बढ़ा। तब्बू ने मिड-डे को दिए एक इंटरव्यू में अपने फिल्मी सफर की शुरुआत के बारे में बताया था। एक्ट्रेस कहा था, 'हम गर्मियों में नानी के घर छुट्टियां बिताने जाते थे। चूंकि मेरी मां के बड़े भाई ईशान आर्य सिनेमैटोग्राफर थे। उन्होंने गरम हवा (1973), बाजार (1982) की शूटिंग की थी। मैं उनके बेटों समीर और सागर के साथ बड़ी हुई। हम भाई-बहन की तरह थे. एक बार मेरी बहन फराह और मैं देव आनंद साहब के दफ्तर में थे, जहां वह एक स्क्रीन टेस्ट ले रहे थे, चूंकि उन्हें लगा कि वह बहुत सुंदर है, इसलिए उसका भी स्क्रीन टेस्ट लिया।' तब्बू ने आगे बताया था, 'एक दिन हमें यश चोपड़ा का फोन आया। उन्होंने मेरी मां को बहन को फिल्म 'फासले' में कास्ट करने की अपनी इच्छा के बारे में बताया। चूंकि देव साहब ने उन्हें उसका स्क्रीन टेस्ट दिखाया था। मेरी मां को नहीं पता था कि यश चोपड़ा कौन हैं, उन्होंने मेरी चाची (शबाना) से पूछा। हर कोई वाकई में रोमांचित था। इस तरह, मेरी बहन और मां का बंबई आना हुआ। मुझे हैदराबाद और अपने स्कूल से बहुत लगाव था, इसलिए मैं तीन साल तक अपनी चाची के साथ वहीं रही। तब तक मेरी बहन कई फिल्में कर चुकी थीं और एक बड़ी स्टार बन गई थीं।*




## 'पहला पहला प्यार' थी पहली हिन्दी फिल्म

*तब्बू ने आगे कहा, 'शेखर कपूर अंकल ने मुझे देखा और कहा कि मुझे उनकी फिल्म 'प्रेम' से डेब्यू करना है, जिसे मैंने मना कर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं सिर्फ एक फिल्म करूं और फिर वे मुझे पढ़ाई के लिए विदेश भेज देंगे, जो कभी नहीं हुआ. मैंने फिल्म की, मगर उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया।' बहुत कम लोग जानते हैं कि तब्बू ने एक्ट्रेस के तौर पर पहला रोल साउथ सुपरस्टार वेंकटेश के साथ तेलुगू फिल्म 'कुली नंबर 1' में निभाया था, जो साल 1991 में रिलीज हुई थी। तब्बू की लीड एक्ट्रेस के तौर पर हिंदी में पहली फिल्म 'पहला पहला प्यार' थी, जो 1994 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।*

# धमकी और गाली-गलौज से गूंजा बिग बॉस का घर...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18' का लेटेस्ट एपिसोड विवादों से भरा रहा। तीन नवंबर के वीकेंड का वार पर अभिनेता रवि किशन ने एक खास सेगमेंट का आयोजन किया। इस दौरान रजत दलाल की अविनाश मिश्रा और विवियन डीसेना के साथ बहस भी हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक रजत दलाल को घर के सदस्यों के साथ गाली गलौज करते हुए भी देखा गया। इस दौरान रजत ने लड़ाई-झगड़े की बात भी स्वीकार की और कहा कि वह विवियन को सबक भी सिखा सकते हैं, लेकिन कॉन्ट्रैक्ट के कारण ऐसा नहीं कर सकते। रविवार की रात के एपिसोड की शुरुआत रजत दलाल और श्रुतिका अर्जुन द्वारा घरवालों के लिए मेन्यू तय करने से हुई। उन्होंने कॉफी देने से इनकार किया और अविनाश मिश्रा ने इस बारे में उनसे सवाल किया। अभिनेता ने बताया कि कैसे रजत ने कॉफी को बुनियादी राशन बताया, लेकिन जेल के अंदर जाने के बाद से वह इसे विलासिता कह रहे हैं।




टीवी मसाला



# एक्ट्रेस जुबैदा को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर छिड़ गया विवाद

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन के हाल के एपिसोड में पूछे गए एक सवाल को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी हो रही है। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और सीरीज सिटाडेल: हनी बनी के निर्देशक सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर शामिल हुए। शो में अभिनेत्री जुबैदा से जुड़ा एक ऐतिहासिक सवाल पूछा गया। इसे लेकर जुबैदा के बेटे खालिद मोहम्मद ने आलोचना की है, जिन्होंने शो में रिसर्च की कमी बताई है। केबीसी शो में जुबैदा को लेकर सवाल किया गया कि किस अभिनेत्री का अपने पति जोधपुर के महाराजा हनवंत सिंह के साथ विमान दुर्घटना में दुखद निधन हो गया? जवाब के विकल्पों में सुलोचना, मुमताज, नादिरा और जुबैदा शामिल थीं। कुछ विचार-विमर्श के बाद और अपनी तीन लाइफ लाइन में से दो का उपयोग करने के बाद, जिसमें सिटाडेल: हनी बनी के लेखक को कॉल करना भी शामिल था, वरुण और राज ने जुबैदा को अपना उत्तर चुना, जिसे शो द्वारा सही माना गया। इस पर दिवंगत अभिनेत्री जुबैदा के बेटे खालिद मोहम्मद ने तुरंत इस गलती को इंगित किया। हकीकत में उनकी मां का विवाह हैदराबाद के महाराज नरसिंहगिरी धनराजगीर ज्ञान बहादुर से हुआ था, महाराजा हनवंत सिंह से नहीं। इस प्रकरण के बाद खालिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, 'यह मेरी दिवंगत मां जुबैदा बेगम हैं। आलम आरा के बनने के समय उनका जन्म नहीं हुआ था। इस गलती के लिए कार्यक्रम में माफी मांगना ही कम से कम आप कर सकते हैं।'

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — www.makeoverraipur.com
मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर — 9644099925
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — मो. 7999450384, 7042974029
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553
अष्टविनायक हॉस्पिटल — डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — 7987225800, 9301744425
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — 7724035770, 9329004557, 9303724304
स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल — मो. 7991031330, मो. 0771-4347172
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

**13 की जगह 20 नवंबर को होगा मतदान**

# यूपी, पंजाब और केरल की 14 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की बदली तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोमवार को त्योहारों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में विधानसभा उपचुनावों की तारीख बदल दी। अब यहां 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में नौ, पंजाब में चार और केरल में एक सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होना है। नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) सहित कई दलों ने विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर आयोग से चुनावों की तारीख पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि 13 नंवबर को चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है।

## त्योहारों की वजह से लिया गया फैसला

### केरल और पंजाब के पीछे की वजह

कांग्रेस ने कहा था कि केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में मतदाता 13 से 15 नवंबर तक कल्पती रथोत्सवम का त्योहार मनाएंगे। पार्टी ने कहा था कि पंजाब में श्री गुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व 15 नवंबर को मनाया जाएगा और 13 नवंबर से अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा।




### यूपी में इसलिए बदली तारीख

भाजपा, बसपा और रालोद ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में कार्तिक पूर्णिमा से तीन-चार दिन पहले लोग यात्रा करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को होगी।

### यहां-यहां बदली तारीखें

जिन सीटों के उपचुनाव की तारीखों में बदलाव किया गया है, उनमें केरल की पलक्कड़ सीट शामिल है। इसके अलावा पंजाब की डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल, गिद्दड़बाहा और बरनाला विधानसभा सीट पर चुनाव की तारीख बदल दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंडरकी, गाजियाबाद, खैर, करहल, सीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझगवां में मतदान की तारीख में बदलाव किया गया है।

### 'भाजपा की पुरानी चाल है, हारेंगे तो टालेंगे : अखिलेश यादव



उत्तर प्रदेश उपचुनाव की तारीखें आगे बढ़ाए जाने पर सपा चीफ अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया हैंडल (एक्स) पर लिखा, पहले मिल्कीपुर विधानसभा पर चुनाव को भी आगे बढ़ा दिया गया था, अब नई सीटों पर बदलाव हुआ है। 'दरअसल बात ये है कि उत्तर प्रदेश में 'महा-बेरोज़गारी' की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर उप्र आए हुए हैं, और उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए वोट डालनेवाले थे। जैसे ही भाजपा को इसकी भनक लगी, उसने उपचुनावों को आगे खिसका दिया, जिससे लोगों की छुट्टी ख़त्म हो जाए और वो बिना वोट डाले ही वापस चले जाएं। ये भाजपा की पुरानी चाल है कि हारेंगे तो टालेंगे।' समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने भी उपचुनाव की तारीख बढ़ाने पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि ये तारीखें इसलिए बदली गई हैं क्योंकि सपा अच्छा प्रदर्शन कर रही है, यूपी और महाराष्ट्र की उन सीटों पर जहां वह चुनाव लड़ रही है।'

---

**बाबा के बेटे जीशान सिद्दीकी ने जताई आशंका**

# 'मेरे पापा की हत्या लॉरेंस गैंग ने नहीं, बिल्डर लॉबी ने कराई'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के 23 दिन बीत चुके हैं और मुंबई पुलिस लॉरेंस बिश्नोई कनेक्शन में ही इस वारदात के सूत्र तलाश रही है। अभी तक इस केस में हुई सभी गिरफ्तारियां भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ी हुई हैं। मगर एक इंटरव्यू में उनके बेटे ने बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के तार मुंबई की बिल्डर लॉबी से जुड़े होने का शक जताया। इस इंटरव्यू में उन्होंने आशंका जताई कि बड़ी प्लानिंग से बिल्डर लॉबी ने उनके पिता की हत्या कराई और साजिश के तहत लॉरेंस बिश्नोई वाला नैरेटिव फैला दिया ताकि सच छिपा रहे। उन्होंने एक प्रोजेक्ट के मामले में शिवसेना यूबीटी के नेता अनिल परब से हुई अनबन की कहानी भी सुनाई और इशारों में सारा खेल से पर्दा उठाने की कोशिश की।



### 12 अक्टूबर को हुई थी हत्या

अजित पवार की एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या 12 अक्टूबर की रात हुई थी। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। फिर मीडिया में पुलिस के हवाले से खबर आई कि मर्डर केस में पकड़े गए आरोपियों ने लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस की जांच अभी भी चल रही है, मगर इससे बाबा सिद्दीकी के बेटे और विधायक जीशान सिद्दीकी संतुष्ट नहीं हैं। उनका मानना है कि लॉरेंस बिश्नोई वाले नैरेटिव के आधार पर चल रही जांच बिल्डर लॉबी की संलिप्तता की अनदेखी कर कर रही है।

### 'वारदात के बाद फैलाया गया नैरेटिव'

एक इंटरव्यू में जीशान सिद्दीकी ने कहा कि डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, अजित पवार और मुंबई पुलिस कमिश्नर के सामने बाबा सिद्दीकी की हत्या के बारे में बात हुई, जिससे मैं संतुष्ट नहीं हूं। लोगों ने अपने नेता को खोया है मगर मैंने अपने पिता को खोया है। एक सेकेंड में मेरा परिवार बिखर गया, मैं कैसे जांच से संतुष्ट हो सकता हूं। दो लोग पकड़े गए, मगर किसने साजिश रची थी, इसका पता नहीं चला है। मेरे पिता ने लोगों के घरों की रक्षा करते हुए जान गंवाई है। लॉरेंस बिश्नोई वाले थ्योरी को खारिज करते हुए जीशान सिद्दीकी ने कहा कि वारदात के बाद बाबा सिद्दीकी के अस्पताल पहुंचने से पहले नैरेटिव सेट किया गया था।

---

**चाईबासा में विपक्षी गठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी**

# 'कांग्रेस ने की बर्बरता, भाजपा के लिए आदिवासी स्वाभिमान सर्वोपरि'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा के कोल्हान में विपक्षी दलों पर जमकर हमले किए। इस दौरान मोदी ने गुवा गोलीकांड का हवाला देते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राज्य बनने से पहले कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों के साथ अंग्रेजों की तरह बर्बरता की थी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'अस्सी के दशक में जब बिहार और दिल्ली दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी। झारखंड तब अलग नहीं हुआ था। बिहार का हिस्सा था। तब क्या हुआ था..आप जरा अपने माता-पिता, दादा-दादी और गांव के बुजुर्गों से पूछिए, उनको गुवा गोलीकांड जरूर याद होगा। जिस तरह की बर्बरता अंग्रेजों ने की थी, वैसी ही बर्बरता यहां कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों का खून बहाकर की थी।'

■ झारखंड में दो चरणों में होना है विधानसभा चुनाव



### 'राजद की गोदी में बैठ गया झामुमो'

बता दें कि झारखंड में 13 व 20 नवंबर को दो चरणों में वोटिंग होगी। चुनावी सभा में मोदी ने आगे कहा, 'यहां कांग्रेस सरकार ने हमारे आदिवासी भाइयों को गोलियों से भून दिया था। हमारे आदिवासी पूर्वज सिर्फ अपना हक मांग रहे थे। वह अलग झारखंड राज्य मांग रहे थे। मत भूलिए.. तब राजद नेता भी कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। आपकी आकांक्षाओं, सपनों से इतनी ज्यादा नफरत है इन लोगों को। देखिए.. जो राजद झारखंड बनाने के लिए सहमत नहीं था। झारखंड बनाने की बात करने वालों को कुचल देना चाहता था, उस राजद की गोदी में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) बैठ गया है।' मोदी ने जनसभा में आगे नारे लगाते हुए कहा, 'पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है- रोटी, बेटी और माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-राजग (एनडीए) सरकार। उन्होंने कहा, 'भाजपा के लिए आदिवासी भाई-बहनों की आकांक्षा, उनका स्वाभिमान हमेशा सर्वोपरि रहा है। जब पहली बार भाजपा सरकार बनी। दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी को सेवा करने का अवसर मिला। अटल देश के प्रधानमंत्री बने। तब जाकर आदिवासी समाज को झारखंड और छत्तीसगढ़ अलग राज्य मिले। ये दो राज्य बनाने का सौभाग्य भाजपा को मिला।'

### भाजपा को झटका, बड़े नेता ने थामा आप का दामन

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के दल बदलने का दौर शुरू हो गया है। ताजा मामला में लक्ष्मी नगर सीट से दिल्ली बीजेपी के नेता बीबी त्यागी ने सोमवार को पार्टी को बड़ा झटका देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप विधायक दुर्गेश पाठक ने उन्हें आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई है। बता दें कि बीबी त्यागी भाजपा से निगम पार्षद रह चुके हैं और लक्ष्मी नगर सीट से विधायक का चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा, "हमें बहुत खुशी है कि बीबी त्यागी, जो भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता रहे हैं और जिन्होंने कई दशकों तक जमीनी स्तर पर जनता के मुद्दों पर काम किया है, आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और जनता की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमारे लिए एक अनमोल संपत्ति है।"



---

**नामांकन वापस लेने की समयसीमा खत्म**

# महाराष्ट्र चुनाव : 288 सीटों पर मैदान में 8272 प्रत्याशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र विधानभा चुनाव की सरगर्मियां और भी तेज होती जा रही हैं। राजनीतिक दल अपने- अपने सियासी गठजोड़ मजबूत करने में लगे हैं। यहां की 288 विधानसभी सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि इसका परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को नामांकन वापसी का समय खत्म हो चुका है। अब कोई भी उम्मीदवार अपना नामांकन वापस नहीं ले सकता है। ऐसे में अब महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए 8272 प्रत्याशी ही चुनावी मैदान में बचे हुए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इस बार विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में कुल 10900 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। इनमें से 1654 प्रत्याशियों के नामांकन रद्द कर दिए गए, जबकि 9260 नामांकन स्वीकार किए गए। इनमें से भी 983 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इन सबके बाद अब 8272 प्रत्याशी बचे हैं, जिनकी किस्मत का फैसला 20 नंवबर को ईवीएम में कैद होने वाला है।



### बागियों को शरद-उद्धव ने दिया था अल्टीमेटम

महाराष्ट्र में चुनाव से पहले सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। इस बीच शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हमने कई बागियों से नाम वापस लेने की अपील की है। कई बागी वापस लेने के लिए तैयार भी हो गए हैं, लेकिन जिन बागियों ने नाम वापस नहीं लिया है, उन पर पार्टी की ओर से कार्रवाई की जाएगी। दोनों नेताओं ने इस दौरान एमवीए गठबंधन को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि एमवीए को एक दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारने चाहिए। सीपीआई(एम), पीडब्ल्यूपी और एसपी जैसे अन्य सहयोगी दलों ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। उद्धव ने कहा, 'हमने सभी बागियों से बात की है, जो हमारे निर्देश के बाद भी अपना नामांकन वापस नहीं लेंगे, उनके खिलाफ हम सख्त कार्रवाई करेंगे। हम दोस्ताना लड़ाई के पक्ष में नहीं हैं। हम एमवीए के तौर पर एकजुट होकर लड़ेंगे।'

---

**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से मांगा जवाब**

# 'पटाखे बैन होने के बावजूद क्यों हुई आतिशबाजी?'

**नई दिल्ली।** दिवाली के दिन पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी पाई गई। एमिकस क्यूरी ने सुप्रीम कोर्ट को ये जानकारी दी है। दिल्ली में पटाखे पर बैन के बावजूद आतिशबाजी होने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम चाहते हैं कि दिल्ली सरकार तुरंत जवाब दे कि ऐसा क्यों हुआ? हम साथ ही दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी करेंगे कि इसका पालन क्यों नहीं किया गया?' बैन के बावजूद दिल्ली में पटाखों के जलाने पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में मुताबिक, बैन के आदेश को सख्ती से लागू नहीं किया गया। फायर क्रैकर्स पर बैन प्रदूषण पर काबू के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। दिल्ली में पटाखे पर रोक के बावजूद आतिशबाजी पर रोक नहीं लगा पाने पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी किया है।



### अगले साल न हो ऐसी घटना

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को भी निर्देश देते हैं कि वह प्रतिबंध को लागू करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में हलफनामा दाखिल करें। दोनों को यह बताना चाहिए कि वे क्या कदम उठाने का प्रस्ताव रखते हैं ताकि अगले साल ऐसी घटना न हो।

---

**हैदराबाद में दिवाली पर गांधी की प्रतिमा का अपमान**

# गांधी की प्रतिमा के मुंह में पटाखा जलाते हुए वीडियो हुआ वायरल



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में दिवाली के मौके पर महात्मा गांधी की प्रतिमा का अपमान किया गया है। बता दें कि एक बच्चे की तरफ से गांधी जी प्रतिमा के मुंह में पटाखे रखकर जलाए गए हैं। जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज करने पर विचार कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक बच्चे को तेलंगाना में महात्मा गांधी की प्रतिमा के मुंह में पटाखा जलाते हुए देखा गया। इस वीडियो में राष्ट्रपिता की प्रतिमा के होठों के बीच एक पटाखा रखा हुआ है। फिर एक छोटा लड़का पटाखे में आग जलाकर वापस भाग जाता है। इस दौरान वीडियो रिकॉर्ड कर रहा शख्स भी पीछे हटता है, लेकिन प्रतिमा के मुंह में पटाखा फूटने का वीडियो आसानी से बना लेता है।

### मामले में पुलिस ने जारी किया नोटिस

वहीं बोवेनपल्ली पुलिस के मुताबिक दिवाली पर चार बच्चों ने महात्मा गांधी की एक प्रतिमा के सामने पटाखे फोड़े, बोवेनपल्ली के एसआई शिव शंकर के अनुसार, बच्चों ने सिर्फ मनोरंजन के लिए प्रतिमा का अपमान किया। सब-इंस्पेक्टर ने बताया कि वे नोटिस जारी करने जा रहे हैं और वे उन बच्चों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कानूनी राय ले रहे हैं जो फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं।

---

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12TH PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं ) संपर्क करें- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461, (RO-3072)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**मशीन ऑपरेटर**

टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध।
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 8462933820 8357065592

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक/ युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, संपर्क करे- स्मृति नगर भिलाई (छ.ग.) मो. 8818877409, 9202140074 (RO-5991)

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक (आरो न.-616)

**सेल्समैन/ घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है संपर्क करे - बोरियाखुर्द रायपुर मो. न. 9893115061 (RO-3070)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की 14000/- घरेलू काम हेतु युवक/ युवती 10000/- फार्महाउस में कार्य करने हेतु शादीशुदा (बिना बच्चे) को प्राथमिकता 12000/- रहने की सुविधा:- मो. 7470602013, 9302708426 देवपुरी रायपुर (RO-3071)

आवश्यकता है- Crista और डिजायर टैक्सी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी ड्राइवर ही सम्पर्क करे- Talibandha रायपुर 7470308181, 7697800066 (RO-104)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ड्राइवर चाहिए- ड्राइवर की आवश्यकता है : टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। केवल दुर्ग- भिलाई वाले ही संपर्क करें:-9827466771 (आरो न.-614)

**घरेलु/कुक कार्य**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें 9300593000. (RO-1227)

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने हेतु कुक एवं ड्राइवर की तुरन्त संपर्क करे:- मो.-9303657790, 7970259986 (RO-615)

**सेल्समेन/ सेलगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-3069)

आवश्यकता है- फर्नीचर मॉल बिलासपुर में अनुभवी सेल्समैन एवं सेल्सगर्ल की तत्काल आवश्यकता है आवास सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें 9300612345 (RO-35829)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**घरेलु/टेलीकालिंग कार्य**

आवश्यकता है- घर का घरेलू कार्य एवं टेलीकॉलिंग कार्य, घर बैठे मार्केटिंग हेतु लड़की चाहिए समय 9 से 7 खाना रहना फ्री सैलरी 5000-7000/- आधार फोटो बायोडाटा सहित संपर्क करे:- गोकुल टावर, गोगांव, गुढ़ियारी, रायपुर मोबाइल 90393-21951. (RO-3073)

**सिक्योरिटी गार्ड**

आवश्यकता है- सनी सिक्योरिटी सर्विसेस बिलासपुर को सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है। रायपुर, बिलासपुर प्रा.लि. कंपनियों के लिए वेतन 13000 से 15000 तक आवास, मेडिकल फ्री संपर्क करें 9827110887, 8793519403, 8319724823, 9229260100.(RO-35805)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की, जो छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन 10000/- (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000/- से 25,000/- संपर्क करें:- 8815522974, 8357893800. (RO-3075)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423 (RO-35815)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.(RO-750)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9102935834 (RO-3051)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस- लोन, लोन, लोन KUBER FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) संपर्क:- 8349193481. (RO-3074)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Property प्रापर्टी**

**जमीन**

जमीन उपलब्ध है- रायपुर से मात्र 11 किलोमीटर की दूरी पर मोतीपुर, महादेवघाट, पाटन रोड हाईवे पर सर्वसुविधायुक्त 25000 वर्गफुट जमीन प्राइम लोकेशन पर फार्महाउस बनाने हेतु उपलब्ध संपर्क करें- 9111555767, 9691637649 (RO-5990)

**फ्लैट**

भिलाई में फ्लैट बेचना है- 2 बीएचके पूर्वाभिमुख, तीसरातल लिफ्ट के साथ, दो तरफ सड़क, हवादार, तीन बालकानी एवं दो बाथ सहित, एरिया - 1345 फीट का फ्लैट प्रगतिनगर, सड़क-1A, रिसाली में बेचना है। संपर्क:- ओनर मो.- 9407663145 (आरो न.-617)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# भारत ने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में चीन को पीछे छोड़ा, पीएमआई बढ़कर 57.5 पाइंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मैन्युफैक्चरिंग पर इतराने वाला चीन अब इसमें काफी पीछे हो गया है। एक तरफ जहां चीन की अर्थव्यवस्था ग्रोथ काफी धीमी है वहीं भारत को अच्छी खबर मिली है। एचएसबीसी के ताजा आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आई है। भारत ने इस मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है।

■ तेजी का कारण विदेशी मांग बढ़ना

इस तेजी का कारण विदेशी मांग है। दुनिया के कई देशों से भारत को न केवल नए ऑर्डर मिले बल्कि बिक्री में भी तेजी आई। इस कारण अक्टूबर में नौकरियों की संख्या भी बढ़ गई। अक्टूबर में भारत को एशिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और अमेरिका से ज्यादा ऑर्डर मिले, जिस कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी देखी गई।

## एचएसबीसी ने जारी किए ताजा आंकडे

### भारत में बनी चीजों की बढ़ी मांग

पिछले कुछ समय में भारत में बनी चीजों की दुनियाभर में मांग बढ़ी है। कई विदेशी कंपनियों ने काफी संख्या में ऑर्डर बुक किए हैं। जितने औसतन ऑर्डर पिछले 20 साल में मिले हैं, मौजूदा दौर में ऑर्डर की संख्या उससे ज्यादा हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए प्रोडक्ट की शुरुआत और सफल मार्केटिंग ने चीजों की बिक्री बढ़ाने में मदद की है।



### कर्मचारियों की संख्या बढ़ी

मांग बढ़ने से कर्मचारियों की संख्या में भी तेजी आई है। यानी रोजगार के अवसर बढ़े हैं। डेटा के मुताबिक मैन्युफैक्चरर्स ने अक्टूबर में अतिरिक्त कर्मचारियों को जॉब दी। यह संख्या सितंबर में रखे गए नए कर्मचारियों के मुकाबले ज्यादा थी। अक्टूबर का डेटा कलेक्शन करीब 20 वर्षों में सबसे अधिक रहा। एचएसबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय मैन्युफैक्चरर्स भविष्य के प्रोडक्शन की मात्रा के बारे में अधिक आशावादी हो गए हैं।

### परिचालन स्थिति में सुधार

एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर में बढ़कर 57.5 पॉइंट हो गया। यह सितंबर में 56.5 पॉइंट था जो आठ महीने का निचला स्तर था। पीएमआई बढ़ने से पता चलता है कि परिचालन स्थितियों में काफी सुधार आ रहा है। वहीं दूसरी ओर चीन की पीएमआई 50.30 पॉइंट है। हालांकि अक्टूबर में चीन के पीएमआई में भी कुछ तेजी आई है। लेकिन कुल पॉइंट में यह भारत से पीछे रह गया है।

## खबर संक्षेप

### हीरो मोटोकॉर्प की 'त्योहारी सीजन' बिक्री 13 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प की इस साल त्योहारों के दौरान बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 15.98 लाख इकाई हो गई। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, 32 दिन के 'त्योहारी सीजन' में उसने अपनी सर्वाधिक खुदरा बिक्री दर्ज की है। यह अवधि नवरात्रि से शुरू हुई थी।

### एक्मे सोलर का आईपीओ छह नवंबर को खुलेगा



**नई दिल्ली।** अक्षय ऊर्जा कंपनी एक्मे सोलर (एसीएमई सोलर) होल्डिंग्स लिमिटेड ने 2,900 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 275-289 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।
कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी का आईपीओ छह नवंबर को खुलेगा और आठ नवंबर को बंद होगा।

### एफकॉन्स इन्फ्रा का शेयर पहले दिन दो फीसदी चढ़ा



**नई दिल्ली।** शापूरजी पालोनजी समूह की प्रमुख बुनियादी ढांचा इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर ने सोमवार को बाजार में खराब शुरुआत की। हालांकि कारोबार के अंत में यह अपने निर्गम मूल्य 463 रुपये से दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### अशोक लेलैंड की कुल बिक्री अक्टूबर में नौ प्रतिशत गिरी



**मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता एवं हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड की अक्टूबर में कुल वाहन बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 15,310 इकाई रह गई। कंपनी ने पिछले वर्ष इसी अवधि में कुल 16,864 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने सोमवार को कहा, निर्यात सहित कुल मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन की बिक्री पिछले महीने 9,408 वाहन रही।

### एक्साइड इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ 13.66 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** बैटरी बनाने वाली कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 13.66 प्रतिशत घटकर 233.4 करोड़ रुपये रहा है।
कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 270.32 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### निवा बूपा के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 2,200 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 70-74 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।
इसका पहले नाम मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी था। कंपनी ने घोषणा की कि आईपीओ सात नवंबर को खुलेगा और 11 नवंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक छह नवंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 800 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 1,400 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

## अपनी संपत्ति का एक निश्चित हिस्सा ही निवेश कर पाएगे

# सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों को विदेशी कोषों में निवेश की सशर्त मंजूरी दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों (एमएफ) को उन विदेशी म्यूचुअल फंड या यूनिट ट्रस्ट में निवेश की सोमवार को अनुमति दे दी जो अपनी संपत्ति का एक निश्चित हिस्सा भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं।

यह छूट इस शर्त पर दी गई है कि ऐसे विदेशी कोषों का भारतीय प्रतिभूतियों में कुल निवेश उनकी शुद्ध संपत्ति के 25 प्रतिशत से अधिक न हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने एक परिपत्र में कहा कि इस कदम का उद्देश्य विदेशी एमएफ/यूनिट ट्रस्ट में निवेश को सरल बनाना, निवेश के तरीके में पारदर्शिता लाना और एमएफ को अपने विदेशी निवेश में विविधता लाने में सक्षम बनाना है।

### नया ढांचा तत्काल प्रभाव से होगा लागू

सेबी ने कहा कि नया ढांचा तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। परिपत्र के मुताबिक, एमएफ योजनाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशी एमएफ/ यूनिट ट्रस्ट में सभी निवेशकों के अंशदान को किसी सहयोगी इकाई के बगैर एकल निवेश साधन में ही शामिल कर दिया जाए।

## सेबी ने परिपत्र जारी कर दी जानकारी

*समझौतों पर रोक लगाई गई : विदेशी एमएफ/ यूनिट ट्रस्ट का कोष इस तरह का होना चाहिए जिसमें कोई अलग-अलग पोर्टफोलियो न हों ताकि यह सुनिश्चित हो कि सभी निवेशकों के पास फंड में समान और आनुपातिक अधिकार हों। बाजार नियामक ने हितों के टकराव को रोकने के लिए भारतीय म्यूचुअल फंड और अंतर्निहित विदेशी म्यूचुअल फंड के बीच सलाहकार समझौतों पर रोक लगा दी है।*



■ कुल निवेश उनकी शुद्ध संपति के 25 फीसदी से अधिक न हो

■ सेबी ने यह कदम निवेश के तरीकों में पारदर्शिता लाने की

### यूनिट ट्रस्ट में भी निवेश कर सकती है

सेबी ने अपने परिपत्र में कहा, "भारतीय म्यूचुअल फंड योजनाएं उन विदेशी एमएफ/ यूनिट ट्रस्ट में भी निवेश कर सकती हैं जिनका भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश है। इसके लिए शर्त बस यह है कि इन विदेशी एमएफ/यूनिट ट्रस्ट का भारतीय प्रतिभूतियों में कुल निवेश उनकी परिसंपत्तियों के 25 प्रतिशत से अधिक न हो।"

### निवेशकों को सेबी ने किया आगाह

सेबी ने निवेशकों को ऑनलाइन कारोबार (ट्रेडिंग) या 'गेमिंग' मंच के जरिये लेन-देन करने को लेकर सोमवार को आगाह किया और उन्हें केवल पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से कारोबार करने को सुझाव दिया। सेबी ने कुछ ऐप/वेब एप्लिकेशन/मंचों द्वारा सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर मूल्य डेटा के आधार पर जनता को संज्ञान लेने के बाद यह परामर्श वक्तव्य जारी किया है।

### सेबी के नियमों का उल्लंघन है

नियामक ने कहा, ऐसी गतिविधियां निवेशकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम 1956 और सेबी अधिनियम 1992 का उल्लंघन हैं। दोहराया कि जनता केवल पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से ही प्रतिभूति बाजारों में निवेश कर सकती है तथा व्यापारिक गतिविधियां कर सकती है।

### निवेशक इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा

इसमें कहा गया, " गोपनीय तथा व्यक्तिगत लेन-देन डेटा को साझा करने सहित अनधिकृत योजनाओं में संलिप्तता, उससे होने वाला नुकसान तथा उसके परिणाम के लिए निवेशक स्वयं जिम्मेदार है क्योंकि ऐसी योजनाएं/मंच सेबी के साथ पंजीकृत नहीं हैं।" निवेशकों को सचेत करते हुए सेबी ने उनसे कहा कि वे गैर-पंजीकृत मध्यस्थों/वेब एप्लिकेशन/मंच/ऐप के माध्यम से निवेश या कारोबारी गतिविधियां न करें।

### निवेशकों को संरक्षण नहीं मिलेगा

इसमें कहा गया है कि ऐसी गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद के लिए निवेशकों को सेबी या शेयर बाजार के अधिकार क्षेत्र के तहत निवेशक संरक्षण नहीं मिलेगा जिसमें 'स्कोर्स' भी शामिल हैं। ऑनलाइन विवाद समाधान तंत्र जैसी व्यवस्थाएं भी उनके लिए उपलब्ध नहीं होंगी।

# सोना रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसला, चांदी में 4,600 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ स्टॉकिस्टों और फुटकर विक्रेताओं की रही ताजा बिकवाली

■ सोना 1300 रुपए लुढ़कर 81,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई

दीपावली के ठीक बाद राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को स्टॉकिस्टों और फुटकर विक्रेताओं की ताजा बिकवाली के कारण सोना अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसलता नजर आया और इसकी कीमत 1,300 रुपये लुढ़ककर 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बृहस्पतिवार को दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 82,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने नये शीर्ष स्तर पर अपरिवर्तित बना रहा। चांदी की कीमत भी बिकवाली के दबाव में रही और यह 95,000 से नीचे आ गई। चांदी 4,600 रुपये की जोरदार गिरावट के साथ 94,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को यह 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की सुस्त मांग के कारण सोने की कीमतों पर असर पड़ा। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,300 रुपये घटकर 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। बृहस्पतिवार को पिछले सत्र में यह 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी, जो इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, "सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला क्योंकि कॉमेक्स पर सोने को 2,730 डॉलर के आसपास समर्थन मिला, लेकिन 2,750 डॉलर से ऊपर जाने में संघर्ष करना पड़ा।

### कॉमेक्स में सोना वायदा बढ़कर ट्रेड

वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 0.13 प्रतिशत या 3.6 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,752.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। दूसरी ओर, एशियाई बाजार में कॉमेक्स चांदी वायदा 0.78 प्रतिशत बढ़कर 32.94 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

# मारुति का यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन 33 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ अक्टूबर में यात्री कार उत्पादन 16 प्रतिशत घटा

■ छोटे यात्री कारों के उत्पादन में आई गिरावट

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अक्टूबर में अपने यात्री कार उत्पादन में 16 प्रतिशत की कटौती की है। हालांकि, इस दौरान कंपनी के यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन 33 प्रतिशत बढ़ा है।

मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पिछले महीने उसका यात्री कारों का उत्पादन 89,174 इकाई रहा जो अक्टूबर, 2023 के 1,06,190 इकाई के आंकड़े से 16 प्रतिशत कम है। दूसरी ओर, ब्रेजा, एर्टिगा, फ्रोंक्स, जिम्नी, एक्सएल6 और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को आपूर्ति किए जाने वाले यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन 33.18 प्रतिशत बढ़कर 72,339 इकाई हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 54,316 इकाई था। ऑल्टो तथा एस-प्रेसो सहित छोटी कारों का उत्पादन पिछले महीने घटकर 12,787 इकाई रह गया, जबकि अक्टूबर, 2023 में यह 14,073 इकाई था। इसी तरह कॉम्पैक्ट कार बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, वैगनआर और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को आपूर्ति की जाने वाली कारों का उत्पादन पिछले साल के इसी महीने के 90,783 इकाई के आंकड़े से घटकर 75,007 इकाई रह गया। कंपनी ने बताया कि मध्यम आकार की सेडान सियाज का उत्पादन पिछले महीने मामूली रूप से बढ़कर 1,380 इकाई हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 1,334 इकाई था। यात्री वाहनों का कुल उत्पादन अक्टूबर, 2023 में 1,73,230 इकाइयों की तुलना में मामूली रूप से बढ़कर 1,73,662 इकाई रहा।

*हल्के वाणिज्यिक वाहनों का उत्पादन बढ़ा : कंपनी ने कहा कि यात्री वाहनों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल वाहन उत्पादन पिछले महीने बढ़कर 1,77,312 इकाई हो गया, जो अक्टूबर, 2023 में 1,76,437 इकाई था।*

## बजाज ऑटो की वाहन बिक्री में दो फीसदी का इजाफा ...



**मुंबई।** वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो की वाणिज्यिक वाहनों तथा निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री अक्टूबर में दो प्रतिशत बढ़कर 4,79,707 इकाई हो गई, जो 2023 के इसी महीने में 4,71,188 इकाई थी। बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा, समीक्षाधीन महीने में कुल घरेलू बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 3,03,831 इकाई रह गई, जबकि 2023 के इसी महीने में 3,29,618 वाहन बिके थे। निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 1,75,876 इकाई रहा, जो एक साल पहले समान अवधि 1,41,570 इकाई था। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 4,14,372 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 4,08,144 दोपहिया वाहन बिके थे। कंपनी ने कहा, इसमें से घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,55,909 इकाई रही जो अक्टूबर 2023 में बेची गई 2,78,468 इकाइयों से आठ प्रतिशत कम है।

# रिलायंस का शेयर तीन फीसदी टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ बाजार पूंजीकरण 50,205 करोड़ रुपए घटा

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की अग्रणी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का शेयर सोमवार को भारी बिकवाली के बीच करीब तीन प्रतिशत तक लुढ़क गया।
इस बिकवाली के असर में आरआईएल के मूल्यांकन में 50,205 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट आई। रिलायंस का शेयर बीएसई पर 2.77 प्रतिशत गिरकर 1,302 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसका शेयर चार प्रतिशत तक लुढ़क गया था। एनएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.72 प्रतिशत गिरावट के साथ 1,302.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

*रिलायंस व बैंक शेयरों की जोरदार पिटाई बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स रिलायंस और बैंकों के शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली के असर में 941.88 अंक यानी 1.18 प्रतिशत गिरकर तीन माह के निचले स्तर 78,782.24 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 309 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 23,995.35 अंक पर बंद हुआ।*

# दफ्तर में काम करने वाले लोगों की नियुक्तियां 10 फीसदी बढ़ी

■ नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स ने जारी की रिपोर्ट

■ तेल व गैस, औषधि व एफएमसीजी में नियुक्तियां बढ़ी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



दफ्तर में काम करने वाले लोगों की नियुक्ति में अक्टूबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। तेल एवं गैस, औषधि, रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जैसे क्षेत्रों में नियुक्तियों में बढ़ोतरी इसकी मुख्य वजह रही। भारत में कार्यालयों में कार्यरत लोगों (व्हाइट-कॉलर हायरिंग) की नियुक्ति वाला अग्रणी संकेतक 'नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स' अक्टूबर, 2023 के 2,484 अंक से 10 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 2,733 अंक तक पहुंच गया।

### दक्षिणी राज्यों में सबसे अधिक भर्तियां

यह नौकरी डॉट कॉम के 'रिज्यूम डेटाबेस' पर कंपनियों द्वारा सूचीबद्ध की गई नई नौकरियों और खोजी गई नौकरियों पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि राज्यों की बात करें, तो दक्षिणी राज्यों में सबसे अधिक भर्तियां की गईं। तमिलनाडु 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ सबसे मजबूत प्रदर्शन करने वाला राज्य रहा। इसमें बाद 16 प्रतिशत के साथ तेलंगाना, 12 प्रतिशत के साथ कर्नाटक, नौ प्रतिशत के आंध्र प्रदेश और सात प्रतिशत के साथ केरल का स्थान रहा।

# हायर जल्द जेएसडब्ल्यू के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम लगाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ योजना पर 1000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित

■ हायर चीन की प्रमुख उपकरण विनिर्माता कंपनी

चीन की एक प्रमुख उपकरण विनिर्माता कंपनी हायर ग्रुप ने भारत के जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने की योजना बनाई है, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, हायर ग्रुप का यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए सरकार को सौंप दिया गया है। वर्ष 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों की सभी कंपनियों को सरकारी अनुमोदन लेना जरूरी होता है।
भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमा और अफगानिस्तान हैं। सूत्र ने कहा कि हायर ग्रुप के इस प्रस्ताव को उस समिति के समक्ष रखा गया था जो ऐसे आवेदनों की जांच करती है। प्रेस नोट के तहत आवेदनों पर विचार करने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की गई है।

*हायर अपनी विनिर्माण क्षमता का विस्तार कर रही : इस अनुषंगी की स्थापना 2003 में हुई थी। यह घरेलू उपकरणों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार के अग्रणी ब्रांड में से एक है और पुणे एवं ग्रेटर नोएडा में दो विनिर्माण संयंत्र संचालित करती है। हायर इंडिया का कारोबार 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का है। यह अपने किफायती विकल्पों के साथ ग्रामीण एवं छोटे शहरों और शहरी बाजारों से भारतीय मध्यम वर्ग से उपकरणों की बढ़ती मांग पूरा करने के लिए लगातार अपनी विनिर्माण क्षमता का विस्तार कर रही है।*

## निवेशकों द्वारा पिछले पांच वर्षों से किया जा रहा इंतजार

# वर्ष 2025 में आ सकता है रिलायंस जियो का आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस जियो इंफोकॉम के आईपीओ का इंतजार कर रहे निवेशकों के लिए बड़ी खबर है। रिलायंस जियो इंफोकॉम का आईपीओ साल 2025 में आ सकता है। भारत और एशिया के सबसे धनवान शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपनी टेलीकम्यूनिकेशन कंपनी रिलायंस जियो का इनीशियल पब्लिक ऑफर अगले साल यानी 2025 में ला सकते हैं। रिलायंस जियो की मार्केट वैल्यू 8.4 लाख करोड़ रुपए या 100 बिलियन डॉलर के आसपास हो सकती है। जब इसका आईपीओ आएगा तो ये भारत का सबसे बड़ा आईपीओ होगा।

रिलायंस जियो के पास करीब 47.9 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं और ये भारत की सबसे ज्यादा ग्राहकों वाली टेलीकॉम कंपनी है। कंपनी की मुख्य प्रतिस्पर्धा भारती एयरटेल के साथ होती है।

## जियो की मार्केट वैल्यू 8.4 लाख करोड़ रुपए

### इन तरीको से आ सकता है आईपीओ

एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस जियो का आईपीओ दो तरीकों से आ सकता है। इसमें पहले तरीके के तहत रिलायंस जियो को स्पिन-ऑफ के जरिए रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग किए जाने के बाद प्राइस डिस्कवरी सिस्टम के तहत शेयर बाजार में लिस्ट कराया जा सकता है। वहीं दूसरे तरीके में पूरा आईपीओ ऑफर-फॉर-सेल हो सकता है और इसमें माइनॉरिटी शेयरहोल्डर्स अपना स्टेक यानी हिस्सा रिलायंस जियो से बेच सकते हैं। रिलायंस जियो 47.9 करोड़ सब्सक्राइबर्स के साथ आईपीओ रूट पर बढ़ेगी।



*जियो का 2019 में हुआ था ऐलान : भारत में टेलीफोन, ब्रॉडबैंड सर्विसेज और डिजिटल सर्विसेज दिलाने वाली सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस जियो इंफोकॉम के आईपीओ का इंतजार निवेशक 5 सालों से कर रहे हैं। दरअसल मुकेश अंबानी ने साल 2019 में रिलायंस इंडस्ट्रीज की एनुअल जनरल मीटिंग में ऐलान किया था कि अगले 5 साल में वो अपनी टेलीकम्यूनिकेशन कंपनी और रिटेल कंपनी को शेयर बाजार में लिस्ट कराने का इरादा रखते हैं।*

### रिलायंस रिटेल वेंचर्स के आईपीओ की तारीख बढ़ सकती है

रिलायंस जियो के आईपीओ के साथ ही साथ रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड का आईपीओ भी आएगा-ऐसा इंतजार था। हालांकि रिलायंस रिटेल का आईपीओ रिलायंस जियो के साथ नहीं बल्कि इसके अगले साल आ सकता है। दरअसल रिलायंस रिटेल के कुछ चुनिंदा ऑपरेशनल मुद्दों के निपटने के बाद इसका आईपीओ भारतीय बाजार में दस्तक देगा।

## वेलस्पन कॉर्प को अमेरिका में पाइप आपूर्ति का ठेका



**नई दिल्ली।** घरेलू कंपनी वेलस्पन कॉरपोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) को अमेरिका में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजनाओं के वास्ते विशेष पाइप की आपूर्ति के लिए 1,300 करोड़ रुपये के दो नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में हेलिकल सबमर्ज्ड आर्क वेल्डेड (एचएसएडब्ल्यू) पाइप के ठेके को निष्पादित करना है। डब्ल्यूसीएल ने कहा, " अमेरिका के बाजार के लिए हमारा दृष्टिकोण बेहद सकारात्मक बना हुआ है। हमने कुछ और परियोजनाओं में भी भाग लिया है और एक-दो अतिरिक्त बड़ी परियोजनाओं में भी हमारी स्थिति अनुकूल है।

# विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने किया संन्यास का ऐलान, रणजी सत्र अंतिम टूर्नामेंट

## भारत के लिए खेले 40 टेस्ट और 9 वनडे मैच

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की तरफ से 40 टेस्ट मैच खेलने वाले अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने घोषणा की है कि रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र के बाद वह क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। बंगाल के इस 40 वर्षीय विकेटकीपर ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद 40 टेस्ट के अलावा नौ एकदिवसीय मैच में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। साहा ने पिछले तीन साल से भी अधिक समय से राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने का मौका नहीं मिलने के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया।

### रणजी में मेरा आखिरी सत्र

'क्रिकेट में एक शानदार सफर के बाद यह मेरा आखिरी सत्र होगा। मैं आखिरी बार बंगाल का प्रतिनिधित्व करने और संन्यास लेने से पहले केवल रणजी ट्रॉफी में खेलने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आइए इस सत्र को यादगार बनाएं।'

- रिद्धिमान साहा



### साहा की यादगार पारी

भारत की तरफ से उन्होंने अपनी यादगार पारी न्यूजीलैंड के खिलाफ 2016 में खेली थी। उन्होंने तब ईडन गार्डन्स में ट्रेंट बोल्ट, मैट हेनरी, नील वैगनर और मिशेल सेंटनर जैसे अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर नाबाद अर्द्धशतक बनाया था। उन्हें इस मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

### प्रथम श्रेणी मैच में 7013 रन

साहा ने 2007 में बंगाल की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अब तक 138 प्रथम श्रेणी मैच में 7013 रन बनाए हैं। वह 2022 में बंगाल क्रिकेट संघ के अधिकारियों के साथ अनबन होने के कारण त्रिपुरा की टीम से जुड़ गए थे। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली के हस्तक्षेप के बाद वह इस सत्र में बंगाल की टीम में वापस आ गए थे।

### खेले 170 आईपीएल मैच

रिद्धिमान ने इंडियन प्रीमियर लीग में भी 170 मैच खेले। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स सहित विभिन्न टीमों का प्रतिनिधित्व किया। आईपीएल में उन्होंने अपना एकमात्र शतक 2014 में पंजाब किंग्स की तरफ से कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लगाया था। साहा को व्यवहार कुशल खिलाड़ी माना जाता है जिसके लिए एक बार विराट कोहली ने भी उनकी प्रशंसा की थी।

### विकेट के पीछे किए 104 शिकार

साहा के पास महेंद्र सिंह धोनी जैसी आभा या ऋषभ पंत जैसा बेफिक्र अंदाज नहीं था लेकिन अपनी विकेटकीपिंग से उन्होंने भारतीय क्रिकेट में अपने लिए विशेष जगह बनाई। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में विकेटकीपर के रूप में 104 शिकार किए जिनमें 92 कैच शामिल हैं। साहा ने टेस्ट क्रिकेट में 1353 रन बनाए जिसमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं।

### टीम प्रबंधन की पहली पसंद नहीं

साहा लंबे समय तक भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रहे। इसके बाद उन्हें तत्कालीन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सूचित किया था कि वह चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन की पहली पसंद नहीं है और वे उनसे आगे की सोच रहे हैं। उन्हें पिछले साल भारतीय क्रिकेट बोर्ड की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप



### बालाजी-आंद्रेओज़ी पहले दौर में बाहर

**मेट्स।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के उनके जोड़ीदार गुइडो आंद्रेओज़ी यहां पुरुष युगल के पहले दौर का मैच हारकर मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। बालाजी-आंद्रेओज़ी की जोड़ी ने पहला सेट जीतकर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए तथा नीदरलैंड के मैटवे मिडलकूप और जीन जूलियन रोजर से 7-6, 2-6, 7-10 से हार गए। भारत के सुमित नागल भी रविवार को पुरुष एकल में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से हारकर पहले दौर से बाहर हो गए थे।

### हार से प्रभावित होगा भारत का प्रदर्शन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों एडम गिलक्रिस्ट और डेविड वार्नर को इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू



सरजमीं पर मिली करारी हार से भारतीय खिलाड़ियों की मानसिकता आहत हुई होगी। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित शर्मा की टीम को आसानी से हरा देने के बारे में सोचना नासमझी होगी। टॉम लैथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड की टीम ने भारत को 3-0 से हराया जो उसके टेस्ट इतिहास की सबसे करारी हार में से एक है।

### प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में टली शमी की वापसी

**बेंगलुरु।** मोहम्मद शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी में विलंब होगा क्योंकि इस अनुभवी तेज गेंदबाज को कर्नाटक और



मध्य प्रदेश के खिलाफ होने वाले अगले दो दौर के रणजी ट्रॉफी मुकाबलों के लिए बंगाल की टीम में शामिल नहीं किया गया है। बंगाल बुधवार से यहां चिन्नास्वाममी स्टेडियम में कर्नाटक से भिड़ेगा जबकि 13 नवंबर से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ खेलेगा। शमी से कर्नाटक के खिलाफ मैच में खेलने की उम्मीद थी जिससे कि वह वास्तविक मैच की स्थिति में अपनी फिटनेस का परीक्षण कर सकें।

## वनडे : स्टार्क तीन विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द मैच

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराया, कमिंस बने हीरो

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

कप्तान पैट कमिंस की जुझारू पारी से ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान पर दो विकेट की करीबी जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। कमिंस ने 31 गेंद में नाबाद 32 रन की पारी खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मध्य क्रम के ढहने के बावजूद 99 गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की।

तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने इससे पहले 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि जून में टी20 विश्व कप के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे कमिंस ने 39 रन देकर दो विकेट हासिल किए जिससे पाकिस्तान की टीम 46.4 ओवर में 203 रन पर ढेर हो गई। पाकिस्तान की ओर से कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे नसीम शाह ने 40 जबकि बाबर आजम ने 37 रन की पारी खेली।



### धमाकेदार शुरुआत के बाद लड़खड़ाए कंगारू

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम जोश इंगलिस (49) और स्टीव स्मिथ (44) की पारियों की बदौलत एक समय दो विकेट पर 113 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में थी। पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने हालांकि इसके बाद अपनी टीम को वापसी दिलाते हुए एमसीजी के उछाल भरे विकेट पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर सात विकेट पर 155 रन कर दिया। तेज गेंदबाज हारिस राऊफ (तीन विकेट) ने स्मिथ को प्वाइंट पर कैच कराने के बाद मार्नस लाबुशेन (16) और ग्लेन मैक्सवेल (00) को पवेलियन भेजकर मेजबान टीम के मध्यक्रम को ध्वस्त किया। शाहीन शाह अफरीदी ने भी 43 रन देकर दो विकेट चटकाए लेकिन कमिंस ने सीन ऐबट (13) के साथ आठवें विकेट के लिए 30 और मिचेल स्टार्क (नाबाद 02) के साथ नौवें विकेट के लिए 19 रन की अटूट साझेदारी करके मेजबान टीम को जीत दिला दी।

## भारत ने ब्रिज ओलंपियाड में जीता रजत पदक



ब्यूनस आयर्स। अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चले फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी।

# माह के अंत में रियाद में होगी आईपीएल नीलामी




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग की आगामी बड़ी नीलामी नवंबर के अंतिम हफ्ते में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, 'आईपीएल नीलामी रियाद में होगी और यह फ्रेंचाइजी को बता दिया गया है। संभावित तिथियां 24 और 25 नवंबर हैं।' इस बार नीलामी बड़ी होगी जिसमें ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे भारत के स्टार खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी। दस फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 641.5 करोड़ रुपये की राशि है। इन 204 स्थानों में से 70 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने 46 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार रखने) करेन के लिए सामूहिक रूप से 558.5 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

## बार्सिलोना की एक और बड़ी जीत, ओल्मो ने दागे दो गोल

**मैड्रिड।** दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-1 से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया। बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 तक बढ़ा दिया है।

## महिला एफटीपी 2025-2029

# भारत करेगा इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी



एजेंसी ▸▸| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सोमवार को जारी 2025 से 2029 तक के भविष्य दौरा कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय महिला टीम घरेलू श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की मेजबानी करेगी। इन दोनों बड़ी टीमों के अलावा भारत इस दौरान बांग्लादेश और जिम्बाब्वे की भी मेजबानी करेगा। जिम्बाब्वे हाल ही में एफटीपी में 11वें सदस्य के रूप में शामिल हुआ है। भारत की महिला टीम इन चार वर्षों में न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका की भी यात्रा करेगी।

एफटीपी में प्रत्येक सदस्य देश को अपने घरेलू मैदान और दूसरी टीम के घर में चार-चार श्रृंखलाएं खेलनी हैं। भारतीय टीम इसके अलावा 2026 में महिला टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। इंग्लैंड महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, 'सदस्य देशों ने इस एफटीपी में अधिक टेस्ट मैच खेलने की मांग की है।

ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज सभी बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलने के लिए सहमत हैं, जिसमें वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस दौरान इंग्लैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो-दो और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक श्रृंखला खेलेगी।'

### 11वीं टीम जिम्बाब्वे शामिल

इस एफटीपी में आईसीसी महिला चैंपियनशिप के चौथे सत्र के लिए कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तैयार की। 2029 में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए इसमें 11 टीमों को जगह दी गई है। यह मौजूदा चक्र में शामिल 10 टीम से एक अधिक है। आईसीसी महिला चैंपियनशिप की रैंकिंग से महिला विश्व कप की टीमों का निर्धारण होता है। टूर्नामेंट में अपनी पहली उपस्थिति में जिम्बाब्वे दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड और श्रीलंका की मेजबानी करेगा तथा भारत, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और पाकिस्तान का दौरा करेगा।

### खेले जाएंगे 400+ मैच

मई 2025 से अप्रैल 2029 तक चलने वाले इस एफटीपी में 400 से अधिक मैच खेले जाएंगे। इसमें वनडे की 44 श्रृंखला में 132 मैचों का जिक्र है।






## विल यंग ने 244 रन बनाकर न्यूजीलैंड की जीत में निभाई अहम भूमिका

# चार साल तक पानी पिलाने के बाद मिला मौका

एजेंसी ▸▸| मुंबई

केन विलियमसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी की जगह भरना आसान नहीं होता। न्यूजीलैंड की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विल यंग ने चार साल तक रिजर्व बल्लेबाज के रूप में मैदान पर पानी पहुंचाने के बाद मिले इस मौके को अपनी खुद की पहचान बनाने के अवसर के रूप में देखा जिसमें वह सफल रहे।

विलियमसन चोटिल होने के कारण तीनों टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए जिससे यंग को अंतिम एकादश में जगह बनाने का मौका मिला जिसका



उन्होंने पूरा फायदा उठाया। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में नाबाद 48 रन बनाकर संकेत दे दिया था कि वह खुद को साबित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यंग ने न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत के बाद पत्रकारों से कहा, 'चार साल पहले पदार्पण करने के बाद मैं टीम से अंदर बाहर होता रहा। मैं वर्षों तक रिजर्व बल्लेबाज रहा इसलिए मैं मैदान पर पानी पहुंचाने की भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी की भावना को अच्छी तरह से समझता हूं। जब मुझे मौका मिला तो मैं अपनी तरह से खेलने को लेकर अधिक उत्साहित था तथा मैंने केन की जगह लेने का प्रयास नहीं किया।

### सभा में कबीर पंथ के अनुयायियों से शांत रहने अपील की

# हिंसा नहीं हम शांति पर विश्वास करते हैं: प्रकाश मुनि नाम साहेब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कबीर पंथियों की आस्था के सबसे बड़े केंद्र दामाखेड़ा में दीपावली की रात से खड़ा हुआ बखेड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों की गिरफ्तारी के बावजूद मामला शांत होता नहीं दिख रहा है। छग एवं दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में कबीर पंथ के अनुयाई दामाखेड़ा पहुंच रहे हैं।

इसे देखते हुए प्रशासन भी सतर्कता बरत रही है। इसी बीच धर्म गुरु प्रकाश मुनि साहेब ने लगभग 20 हजार की संख्या में उपस्थित अनुयायियों को संबोधित करते हुए घटना की जानकारी दे रहे हैं। मंच पर प्रकाश मुनि के साथ उनका पूत्र उदित मुनि नाम साहेब भी है। पंथ श्री प्रकाश मुनि ने कहा कि हम कबीरपंथी लोग हैं, हिंसा में विश्वास नहीं करते। हम शांति के टापू में रहते हैं। इसे अशांत न करें और घटना की सही व उच्च स्तरीय जांच हो। सरकार अगर हमारी मांगें नहीं मानती है तो हम धरने पर बैठ सकते हैं। उन्होंने कहा कि, पिछली सरकारों के समय भी हम हाईवे पर और रेलवे लाइन पर धरने पर बैठ चुके हैं। अभी भी जरूरत पड़ी तो ऐसा ही करेंगे। उधर बलौदाबाजार कलेक्टर और एसपी भी सुबह से ही दामाखेड़ा में मौजूद हैं। उन्होंने कहा है कि, बड़ी संख्या में अनुयायी यहां गुरुजी का आशीर्वाद लेने उनके बुलावे पर पहुंच रहे हैं। लोगों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के अग्रिम बंदोबस्त किए जा रहे हैं। आज सुबह से दामाखेड़ा को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आस-पास के जिलों से भी पुलिस के अधिकारी और जवान सैकड़ों की संख्या में बलाए गए हैं। बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, एसडीएम सहित जिले के तमाम अधिकारी दमाखेड़ा में ही मौजूद हैं।

# गायों के लिए अपनी जान दे सकती है यह जनजाति

एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनिया में कई रहस्यमयी जनजातियां पाई जाती हैं। इनके बारे में बेहद कम लोगों को ही जानकारी है। यह जनजातियां अपनी परंपराओं, रहन-सहन और खान-पान के लिए जाना जाती है। एक तरफ जहां लोग आधुनिक युग में अपनी परंपराओं को भूलते जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ यह आदिवासी प्रजातियां अभी भी अपनी हजारों साल पुरानी परंपराओं का पालन करती हैं। यह जनजातियां जहां पर रहती हैं वहां इनका अधिकार होता है। इनके अधिकारों में सरकारें भी दखल नहीं देती हैं।


आज हम आपको एक ऐसी ही जनजाति के बारे में बताएंगे, जो गायों के लिए किसी की जान भी ले सकते हैं। इस जनजाकि के लोग गायों की रक्षा एके 47 जैसी खतरनाक हथियार से करते हैं। यह जनजाति अफ्रीकी देश सूडान में रहती है, जिसका नाम मुंदरी ट्राइब है।

## गायों को मानते हैं पैसों का भंडार

इस जनजाति के लोग गाय को अपनी जिंदगी मानते हैं। इस जनजाति में जिनके पास गाय नहीं होती है, उनको मृतक जैसा समझा जाता है। इस जनजाति के लोग गायों को बहुत ज्यादा मानते हैं, क्योंकि वह गायों को पैसों का भंडार मानते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी।


## एके 47 से करते हैं गायों की रक्षा

मुंदरी जनजाति के लोग अपने मवेशियों के साथ ही सोते हैं। कोई उनके मवेशी को मार न दे या फिर चुरा न ले, इसलिए एके 47 जैसे खतरनाक हथियार से दिन-रात सुरक्षा करते हैं।










# अपने सनातनी पूर्वजों से भटके 11 परिवार पुनः जुड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को कांकेर में हिन्दू एकता शतचंडी महायज्ञ के पावन श्रृंखला में, मां भुनेश्वरी जन कल्याण समिति (श्री राम नगर, कांकेर) के तत्वावधान में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने 11 परिवारों को सनातन धर्म में घर वापसी कराई।

■ हिंदुओं पर लगातार हो रहे हैं अत्याचार

कार्यक्रम में बागेश्वर सरकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। 200 जिलों की डेमोग्राफी बदल गई है। यहां हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं, ऐसी परिस्थिति में लव जिहाद, चंगाई सभा जैसे कुचक्र को तोड़ने का पूरे सनातन समाज को संगठित होकर प्रयास करना होगा। यह भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का उचित समय है। सब सनातनी मिलकर संकल्प लें कि जब तक हम भारत को हिन्दू राष्ट्र बना नहीं लेते चैन से नहीं बैठेंगे। इसी दौरान प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने अपने उद्बोधन में कहा, इतिहास साक्षी हैं कि जहां-जहां हिन्दुओं का धर्मांतरण हुआ है, देश का वह भूभाग भारत से कट गया है। इसीलिए, मैं अपने पिता स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव द्वारा चलाए गए घर वापसी अभियान को आगे बढ़ा रहा हूं। जब तक शरीर में प्राण हैं तब तक इसे आगे बढ़ाता रहूंगा। ज्ञात हो कि जनवरी 2024 में रायपुर में आयोजित हनुमंत कथा में बागेश्वर सरकार पं. धीरेन्द्र शास्त्री के सानिध्य और आशीर्वाद से प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने 1000 लोगों की घरवापसी कराई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप कांकेर के सांसद भोज राज नाग, कांकेर पूर्व सांसद मोहन मंडावी, क्षेत्र के वर्तमान विधायक आशाराम नेताम एवं मां भुनेश्वरी जन कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तथा शहर के नागरिकों के साथ हजारों की संख्या में सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

# नवंबर में होने वाली हैं ये चार दिलचस्प खगोलीय घटनाएं

**नई दिल्ली।** नवंबर का महीना खगोल प्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है। इस महीने आसमान में कई खगोलीय घटनाएं होने जा रही हैं, जो लोगों को चकित कर देंगी। 15 नवंबर को दिखने वाला सुपरमून, 16 नवंबर को चमकदार दिखने वाला बुध ग्रह और 17-18 नवंबर को होने वाला लियोनिड्स उल्कापात। इन सभी खगोलीय घटनाओं ने लोगों के उत्साह को बढ़ा दिया है। खास बात यह है कि इनमें से कई खगोलीय घटनाओं को देखने के लिए आपको किसी खास उपकरण की जरूरत नहीं है।

**बिना उपकरण के देख सकते हैं ये तीन**

## सुपरमून: चांद का अद्भुत रूप

15 नवंबर को पूर्णिमा पर साल का अंतिम सुपरमून दिखाई देगा। सुपरमून तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होता है। इस दौरान चंद्रमा सामान्य से 8 प्रतिशत बड़ा और 14 प्रतिशत ज्यादा चमकीला दिखाई देता है। इस सुपरमून को देखने के लिए आपको कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है, आप इसे अपने घर की छत से भी देख सकते हैं।



## यूरेनस: पृथ्वी के सबसे करीब

17 नवंबर को यूरेनस ग्रह पृथ्वी के सबसे करीब होगा। यूरेनस एक नीला हरा ग्रह है और इसे दूरबीन की मदद से देखा जा सकता है। यह साल का सबसे अच्छा समय होगा जब आप यूरेनस को देख सकते हैं।

## बुध ग्रह: चमकदार दिखेगा

16 नवंबर को सूर्यास्त के तुरंत बाद पश्चिमी आकाश में बुध ग्रह चमकदार दिखाई देगा। बुध ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक का ग्रह है और इसे आमतौर पर देखना मुश्किल होता है। लेकिन 16 नवंबर को यह पृथ्वी के सबसे करीब होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com